का०आ० 1874.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यक्रम को सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(iv) के साथ पठित आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (2क) के प्रयोजनों के लिए नीचे विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अनुमोदित किया है :

वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यक्रम का नाम	माइक्रोबीयल डिग्रेडेशन ऑफ पेट्रोकेमिकल स्लेजज बाइ स्यूडोमोनस एईरुजीनोसा ।
आयोजनकर्ता . . .	इंडियन पेट्रोकेमिकल्स लि०, डाकघर पेट्रोकेमिकल, जिला—बड़ौदा ।
आयोजन का स्थान	महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा ।
आरम्भ होने की प्रस्तावित तारीख .	दिसम्बर, 1978
पूर्ण होने की अनुमानित तारीख .	दिसम्बर, 1980
अनुमानित लागत . .	43,400 रु०

बड़ौदा के दि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 (i) (ii) के अधीन अनुमोदित किया जा चुका है, देखिए वित्त विभाग की अधिसूचना सं० 1077 (फा०सं० 203/37/75-आ०क०अ० II), तारीख 9-9-1975 ।

[सं० 2734 (फा०सं० 203/23/79-आ०क०अ०II)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 28th February, 1979.

(INCOME-TAX)

S.O. **1874.**—It is hereby notified for general information that the following scientific research programme has been approved for the period specified below for the purposes of sub-section (2A) of Section 35 of the Income -tax Act, 1961 read with Rule 6 (iv) of the Income-tax Rules, 1962, by the Secretary, Department of Science & Technology, New Delhi.

Name of the scientific research programme :	Microbial Degradation of Petrochemical Sludges by Pseudomonas aeruginosa.
Name of the sponsorer ..	Indian Petrochemicals Ltd., P. O. Petrochemicals Distt. Baroda.
To be undertaken by	Maharaja Sayajirao University, Baroda.
Proposed date of commencement :	December, 1978 .

Anticipated date of completion.	December, 1980.
Estimated outlay	Rs. 43,400.

2. The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Baroda stands approved u/s. 35 (i) (iii) of the Income-tax Act, 1961 vide finance Department's Notification No. 1077 (F. No. 203/37/75-IIA.II) dated 9-9-1975.

[No. 2734 /F. No. 203/23/79-IIA.II]

नई दिल्ली, 1 मार्च, 1979

आय-कर

का० आ० 1875.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को, विहित प्राधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनार्थ अनुमोदित किया गया है ।

संस्था

के०एम० वैज्ञानिक अनुसंधान केन्द्र, मसोधा, डाकघर मोदीनगर, जिला फैजाबाद

यह अधिसूचना 17-1-79 से 16-1-1980 तक की एक वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी रहेगी ।

[सं० 2739/फा०सं० 203/197/78—आ०क०अ० II]

New Delhi, the 1st March, 1979

INCOME-TAX

S.O. 1875.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Agricultural Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961.

INSTITUTION

K.M.Scientific Research Centre, Masodha, P.O.Modinagar, Distt. Faizabad.

This notification will be effective for a period of one year from 17.1.1979 to 16.1.1980.

[No. 2739/F. No. 203/197/78-ITA.II]

शुद्धिपत्र

नई दिल्ली, 27 मार्च, 1979

आय-कर

का० आ० 1876.—राजस्व विभाग, अधिसूचना सं० 34, तारीख 24 नवम्बर, 1946 में निम्नलिखित संशोधन करना है :—

"दि रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बाम्बे ।" के स्थान पर "विज्ञान संस्थान, मुम्बई" पढ़ें ।

[सं० 2754(फा०सं० 203/6/79-आई टी ए II)]

CORRIGENDUM

New Delhi, the 27th March, 1979

INCOME-TAX

S.O. 1876.—The Department of Revenue hereby amend the Notification No. 34 dated 24th November, 1946 as under:—

For	Read
The Royal Institute of Science, Bombay.	The Institute of Science, Bombay.

[No. 2754 F. No. 203/6/79-ITA.II]

नई दिल्ली, 27 मार्च, 1979

आय-कर

का० आ० 1877.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आयकर नियम, 1962 के नियम 6(ii) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में "वैज्ञानिक अनुसंधान संस्था" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है :—

(i) यह कि संस्था चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक हिसाब रखेगी ।

(ii) यह कि संस्था अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी परिषद् को प्रति वर्ष 31 मई तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं ।

संस्था

शान्ति अवेदना आश्रम, मुम्बई

यह अधिसूचना 6 फरवरी, 1979 से 5-2-1981 तक की 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी ।

[सं० 2753 (फा०सं० 203/45/79-आई टी ए II)]

New Delhi, the 27th March, 1979

INCOME-TAX

S.O. 1877.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Indian Council of Medical Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6(ii) of the Income-tax Rules, 1962 under the category of "scientific research association" in the field of Medical Research, subject to the following conditions:—

(i) That the Association will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of medical research.

(ii) That the Association will furnish annual returns of its scientific research activities to the Council by 31st May each year at the latest in such form as may be laid down and intimated to them for this purpose.

INSTITUTION

SHANTI AVEDNA ASHRAM, BOMBAY

This notification is effective for a period of 2 years from 6th February, 1979 to 5.2.1981.

[No.2753/F.No.203/45/79-ITA.II]

नई दिल्ली, 30 मार्च, 1979

आय-कर

का०आ० 1878.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अनुमोदित किया है ।

संस्था

भाई लाल अमीन फाउंडेशन, बड़ौदा

यह अधिसूचना 1-1-1979 से 31-12-1980 तक की 2 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी ।

[सं० 2759 (फा०सं० 203/60/78-आई टी ए II)]

New Delhi, the 30th March, 1979

INCOME-TAX

S.O. 1878.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Agricultural Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of section 35 of the Income-tax Act, 1961.

INSTITUTION

Bhailal Amin Foundation, Baroda

This notification is effective for a period of 2 years from 1.1.1979 to 31.12.1980.

[No. 2759/F. No. 203/60/78-ITA.II]

नई दिल्ली, 9 अप्रैल, 1979

आय-कर

का०आ० 1879.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अनुमोदित किया है ।

संस्था

दि उगर शुगर वर्क्स लिमिटेड, जिला बेलगांव

यह अधिसूचना 1 मार्च, 1979 से 28 फरवरी, 1981 तक की दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी ।

[सं० 2767 (फा०सं० 203/100/78-आई टी ए II)]

New Delhi, the 9th April, 1979

INCOME-TAX

S.O. 1879.— It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Agricultural Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of section 35 of the Income-tax Act, 1961.

INSTITUTION

The Ugar Sugar Works Ltd., Distt. Belgaum.

This notification is effective for a period of two years from 1st March, 1979 to 28th February, 1981.

[No. 2767/F.No.203/100/78-ITA.II]

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 1979

आय-कर

का०आ० 1880.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को, आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(iv) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अन्य प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त विज्ञान के क्षेत्र में 'संस्था' प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(i) यह कि थापर इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान, पटियाला प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त (कृषि/पशुपालन/मात्स्यकी और औषधि से भिन्न) विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक हिसाब रखेगा ।

(ii) यह कि उक्त संस्थान, प्रत्येक वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की एक वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं ।

संस्था

थापर इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थान, पटियाला

यह अधिसूचना 10-11-1978 से 9-11-1981 तक की तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी ।

[सं० 2775 (फा०सं० 203/160/78-आई टी ए II)]

जे० पी० शर्मा, निदेशक

New Delhi, the 25th April, 1979

INCOME-TAX

S.O. 1880.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Secretary, the Department of Science and Technology, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 6(iv) of the Income-tax Rules, 1962 under the category 'Institution' in the area of other natural or applied sciences, subject to the following conditions:—

(i) that the Thapar Institute of Engineering & Technology, Patiala, will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of natural or applied sciences (other than agriculture/animal husbandry/fisheries & medicines).

(ii) that the said Institute will furnish the annual return of its scientific research activities to the prescribed authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose, by 30th April, each year.

INSTITUTION

Thapar Institute of Engineering & Technology, Patiala.

This notification is effective for a period of three years from 10.11.1978 to 9.11.1981.

[No. 2775/F. No. 203/160/78-I.T.A.II]

J. P. SHARMA, Director

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 22 मई 1979

बीमा

का०आ० 1881.—केन्द्रीय सरकार, बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 27-ख की उपधारा (i) के खंड (ज) द्वारा

प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 1978-79 में भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा जारी किए गए 2.50 करोड़ रुपए मूल्य के 1988 (प्रथम सीरीज) के 6-1/2 प्रतिशत वाले 10 वर्षीय बंधपत्रों को, (इस अधिकार के साथ कि 2.50 करोड़ रुपए से ऊपर प्राप्त अभिदाय का 10 प्रतिशत तक प्रतिधारित कर लिया जाएगा) उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए "अनुमोदित विनिधान" के रूप में घोषित करती है।

[सं० 88(23) इंस्यो IV/78)]

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 22nd May, 1979

(INSURANCE)

S.O. 1881.—In exercise of the powers conferred by clause (j) of sub-section (1) of section 27-B of the Insurance Act, 1938 (4 of 1938), the Central Government hereby declares the 6¼ per cent 10 years Bonds 1988 (1st Series) of the value of Rs. 2.50 crores issued in 1978-79 (with the right to retain the subscription received upto 10 percent in excess of Rs. 2.50 crores) by the Industrial Reconstruction Corporation of India Limited, as "approved investments" for the purposes of said secion.

[No. 88 (23) Ins. IV/78]

का० आ० 1882 केन्द्रीय सरकार, बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 27-क की उपधारा (1) के खंड (थ) द्वारा, जो भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की तारीख 23 अगस्त, 1958 की अधिसूचना सं० सा०.का०. नि०. 734 द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम को लागू होता है, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 1978-79 में भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा जारी किए गए 2.50 करोड़ रुपए मूल्य के 1988 (प्रथम सिरीज) के 6-1/2 प्रतिशत वाले 10 वर्षीय बंधपत्रों को (इस अधिकार के साथ कि 2-50 करोड़ रुपए से ऊपर प्राप्त अभिदाय का 10 प्रतिशत तक प्रतिधारित कर लिया जाएगा) उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए "अनुसूचित विनिधान" के रूप में घोषित करती है।

[सं० 88(23) इंस्यो iv/78)

एस०डी० रहेजा, अवर सचिव

S.O. 1882.—In exercise of the powers conferred by Clause (q) of sub-section (1) of section 27-A of the Insurance Act, 1938 (4 of 1938) as applied to the Life Insurance Corporation of India by the notification of the Government of India, in the Ministry of Finance (Department of Revenue) No. G.S.R. 734, dated 23rd August, 1958, the Central Government hereby declares the 6¼ per cent 10 years bonds 1988 (1st Series) of the value of Rs. 2.50 crores issued in 1978-79 (with the right to retain the subscription received upto 10 per cent in excess of Rs. 2.50 crores) by the Indusrial Reconstruction Corporation of India Limited, as "scheduled investment" for the purposes of the said section.

[No. 88(23)Ins.IV/78]

S. D. RAHEJA, Under Secy.

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 22 मई, 1979

का० आ० 1883 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (4) के साथ पठित उपधारा (1) के खण्ड (ङ) के उपखण्ड (iii) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और वित्तीय संस्थाओं के अधिकारी कर्मचारियों में से, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, बम्बई के परियोजना वित्त प्रभाग के प्रबन्धक श्री डब्ल्यू०के० मानगांवकर को 22 मई, 1979 से आरम्भ होकर 21 मई, 1982 को समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक का निदेशक नामित करती है।

[संख्या एफ 9/15/79-बी०ओ०-I]
बलदेव सिंह, संयुक्त सचिव

(BANKING DIVISION)

New Delhi, the 22nd May, 1979

S.O. 1883.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (c) of sub-section (1), read with sub-section (4), of section 6 of the Industrial Development Bank of India Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby nominates Shri W. K. Mangaokar, Manager, Project Finance Division, Industrial Development Bank of India, Bombay, as a director of the Industrial Development Bank of India, from amongst the officer employees of the Industrial Development Bank of India and financial institutions, for a period of three years commencing on the 22nd day of May, 1979 and ending with the 21st day of May, 1982.

[No. F. 9/15/79-BO. I]
BALDEV SINGH, Joint Secy.

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 1979

का० आ० 1884.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की तीसरी अनुसूची में फार्म 'क' के साथ संलग्न नोट (च) के उपबंध, बैंक आफ कोचीन लिमिटेड पर उसके 31 दिसम्बर 1978 तक के तुलन पत्र के बारे में लागू नहीं होंगे जो कि कथित फार्म के सम्पत्ति तथा परिसम्पत्ति पक्ष की मद 4 के उप-शीर्ष (2), (3), (4) तथा (5) में से किसी के सामने के अन्दर वाले खाने में दिखाये गये मूल्य से उप शीर्ष के अन्तर्गत निवेशों से बाजार मूल्य के बढ़ जाने पर उस उप शीर्ष के अंतर्गत निवेशों के बाजार मूल्य को अलग से कोष्ठकों में दिखाता है।

[संख्या 15(9)-बी० ओ०-III/79]

New Delhi, the 26th May, 1979

S.O. 1884.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Note(f) appended to the Form 'A' in the Third Schedule to the said Act shall not apply to the Bank of Cochin Ltd. in respect of its balance-sheet as at the 31st December 1978, which, when the value shown in the inner column against any of the sub-heads (ii), (iii), (iv) and (v) of item 4 of the Property and Assets side of the said Form exceeds the market value of the investments under that sub-head, shows separately within brackets the market value of the investments under that sub-head.

[No. 15(9)-B.O. III/79]

नई दिल्ली, 23 मई, 1979

का० आ० 1885—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा 2 के उपबंध, 31 मार्च, 1980 तक, ग्रिन्डलेज बैंक लिमिटेड, कलकत्ता पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक इस बैंक द्वारा, निम्नलिखित कम्पनियों के नामों के आगे दिये गये शेयरों के बंधक रूप में धारिता से है ।

कम्पनी का नाम	बंधक रखने की तारीख	शेयरों का चुकता मूल्य (लाख रुपयों में)
1. जे के आटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड	24-11-66	1.65
	03-02-1967	0.25
2. ग्लोब यूनाइटेड इंजिनियरिंग एण्ड फाउंड्री कम्पनी लिमिटेड ।	20-11-1967	8.80
	16-02-1967	8.81
	16.03-1968	0.05

[सं० 15(13)-बी०ओ०-III/79]

मे० भा० उसगांवकर, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd May, 1979

S.O. 1885—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Sub-section 2 of Section 19 of the said Act shall not apply, till the 31st March 1980, to Grindlays Bank Ltd., Calcutta in respect of the shares held by it as pledgee of the under noted companies as shown against their names.

Name of the company	Date of lodgement	Paid up value of the shares held (in lakhs of Rs.)
1. Jay Kay Automobiles Pvt. Ltd.	24-11-1966	1.65
	03-02-1967	0.25
2. Globe United Engineering and Foundry Co. Ltd.	20-11-1967	8.80
	16-02-1968	8.81
	16-03-1968	0 05

[No.15(13)-B.O.III/79]

M.B. USGAONKAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 26 मई, 1979

का०आ० 1888—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री आर० पी० त्रिवेदी, सहायक मुख्य अधिकारी (ग्रामीण विकास), सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया को श्री ए० एम० कोर्डे के स्थान पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, होशंगाबाद का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 1 जून, 1979 से प्रारम्भ होकर 30 जून, 1982 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री आर० पी० त्रिवेदी, अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे ।

[संख्या एफ० 8-8/79-आर० आर० बी.]

सी० आर० बिश्वास, उप-सचिव

New Delhi, the 26th May, 1979

S.O. 1886.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri R. P. Trivedi, Assistant Chief Officer (Rural Development) Central Bank of India as the Chairman of the Kshetriya Gramin Bank, Hoshangabad vice Shri A. M. Korde and specifies the period commencing on the 1st June, 1979 and ending with the 30th June, 1982 as the period for which the said Shri R. P Trivedi shall hold office as such Chairman.

[No. F. 8-8/79-RRB]

C. R. BISWAS, Deputy Secy.

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, 16 मई, 1079

का०आ० 1887.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 77 के खंड (3) के अनुसरण में, राष्ट्रपति, वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली, 1978 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) ये नियम वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन (प्रथम संशोधन) नियम 1979 कहलाएंगे ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को लागू होंगे ।

2. वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली, 1978 में,

(1) नियम 3 में, उप-नियम (1) के खंड (छ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात:—

"(छ) 'विभागाध्यक्ष' के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन किसी भी कार्यालय अथवा कार्यालयों के संबंध में उसका अर्थ अनुसूची 1 में निर्दिष्ट प्राधिकारी से है और इसमें ऐसा अन्य प्राधिकारी और व्यक्ति भी शामिल हैं जिसे केन्द्रीय सरकार का संबंधित विभाग, आदेश द्वारा विभागाध्यक्ष के रूप में विनिर्दिष्ट करें ;

बशर्ते कि ऐसा व्यक्ति किसी अभिज्ञेय संगठन का अध्यक्ष हो और उसके संशोधित वेतनमान का न्यूनतम भारत सरकार के उपसचिव के वेतनमान के न्यूनतम से कम न हो ,

(ii) अनुसूची 1 में, "वित्त मंत्रालय" शीर्षक के अंतर्गत, उप-शीर्षक '(क) आर्थिक कार्य विभाग' और उसके अन्तर्गत प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"(क) आर्थिक कार्य विभाग :

1. निदेशक, आपात जोखिम बीमा योजना, नई दिल्ली ।

2. बीमा नियंत्रक, शिमला ।

3. भारत का राष्ट्रीय बचत आयुक्त ।

4. मास्टर, भारत सरकार टकसाल, अलीपुर रोड, कलकत्ता, इंचार्ज सिलवर रिफाइनरी, कलकत्ता ।

5. मास्टर, भारत सरकार टकसाल, बम्बई।

6. मास्टर, भारत सरकार टकसाल, हैदराबाद।

7. महाप्रबन्धक तथा पदेन स्टाम्प नियंत्रक इण्डिया सिक्योरिटी प्रेस, नासिक रोड।

8. महाप्रबन्धक, सिक्योरिटी पेपर मिल, होशंगाबाद।

9. महाप्रबन्धक, बैंक नोट प्रेस, देवास"

(iii) अनुसूची v के अनुबन्ध में—

(क) क्रम संख्या 14 में, कालम 4 की मद संख्या 2 में मुद्रण तथा जिल्द बंधन से संबंधी प्रविष्टि में "(1) सभी विभाग 5,000 रुपए प्रतिवर्ष प्रविष्ट के स्थान पर" "(1) सभी विभाग.... 10,000 रुपए प्रतिवर्ष" प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

(ख) क्रम संख्या 26 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

1	2	3	4
"26.	सभी प्रकार के कम्प्यूटरों को छोड़कर, टाइपराइटर, इन्टर-काम इक्विपमेंट, कैलकुलेटर्स इलैक्ट्रोनिक स्टेंसिल कटर्ज, डिक्टाफोन, टेपरिकार्डर्स, फोटो कापियर्ज, कापीइंग मशीन, फैंकिंग मशीन, एड्रेसोग्राफ फाइलिंग एंड इन्डेक्सिंग सिस्टम आदि	संपूर्ण शक्तियां	(1) इन मशीनों की खरीद, उन्हें किराए पर लेने उनके अनुरक्षण और मरम्मत पर व्यय, वित्त मंत्रालय या पूर्ति विभाग द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए सामान्य या विशेष आदेशों के अधीन किया जाएगा। (2) विभागाध्यक्ष भी इस संबंध में निर्दिष्ट सामान्य शर्तों का अनुपालन करते हुए निम्नलिखित सीमाओं तक व्यय कर सकते हैं:— आवर्ती 500 रु० अनावर्ती 5000 रु०"

(iv) अनुसूची vii में कालम 2 की मद संख्या (1) में "स्टाफ ३ ... न्य खातों में शामिल मोटर वाहन अथवा मोटरसाइकिल को ... कर अन्य सामग्री के मूल्य में कमी अथवा ह्रास" से संबंधित प्रविष्टि में कालम 3 में "रुपए 1000" शब्दों और अंकों के स्थान पर "रुपए 2500" शब्द और अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे।"

टिप्पणी:—22 जुलाई, 1978 के साप्ताहिक गजट के भाग ii खण्ड (3) उपखंड (ii) में प्रकाशित और का०आ० संख्या 2131 के अधीन प्रख्यापित वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियनमावली, 1978 के ये प्रथम संशोधन नियम है।

[संख्या फ० 1(9)-संस्था II(क) 74]

(Department of Expenditure)

New Delhi, the 16th May, 1979.

S.O. In 1887—pursuance of clause (3) of article 77 of the Constitution of India, the President hereby makes the following rules to amend the Delegation of Financial Powers Rules, 1978, namely :—

1. (1) These rules may be called the Delegation of Financial Powers (First Amendment) Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Delegation of Financial Powers Rules, 1978,

(i) in rule 3 for clause (f) of sub-rule (1), the following clause shall be substituted, namely :—

"(f) Head of the Department in relation to an office or offices under his administrative control means an authority specified in Schedule I and includes such other authority or person as the concerned Department in the Central Government may, by order specify, as a Head of the Department :

Provided that such a person is the Head of an identifiable organisation and the minimum of his revised scale of pay is not lower than that of a Deputy Secretary to the Government of India." ;

(ii) in Schedule I, under the heading "MINISTRY OF FINANCE", for the sub-heading '(A) Department of Economic Affairs' and the entries thereunder, the following shall be substituted, namely :—

"(A) Department of Economic Affairs :

1. Director Emergency Risks Insurance Scheme, New Delhi.
2. Controller of Insurance, Simla.
3. National Savings Commissioner for India.
4. Master India Government Mint, Alipore Road, Incharge Silver Refinery, Calcutta.
5. Master India Government Mint, Bombay.
6. Master India Government Mint, Hyderabad.
7. General Manager and Ex-Officio Controller of Stamps, India Security Press, Nasik Road.
8. General Manager, Security Paper Mill, Hoshangabad.
9. General Manager, Bank Note Press, Dewas." ;

(iii) in the Annexure to Schedule V.

(a) in serial No. 14, the entry relating to Printing and Binding, in column 4, in item 2, for the entry "(i) All Departments.......Rs. 5,000 per annum" the entry, "(i) All Departments......Rs. 10,000 per annum" shall be substituted ;

(b) for serial No. 26 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely :—

1	2	3	4
"26.	All office equipments including typewriters, intercom equipment, calculators, electronic stencil cutters, dictaphones, tape recorders, photo copiers, copying machines, franking machines, addressographs, filing and indexing systems, etc. excluding Computors of all kinds.	Full powers.	(1) The expenditure on the purchase, hire, upkeep of and repairs to such machines shall be incurred subject to general or special orders issued by the Ministry of Financ or Department o f Supply from time to time in this behalf.

1	2	3	4
		(2) Heads of Offices may also incur expenditure in this regard subject to the observance of general conditions laid down in this regard upto the following limits :—	
		Recurring	Rs. 500
		Non-recurring	Rs. 5,000.

(iv) in Schedule VII, in the entry relating to "Deficiencies and depreciation in the value of stores other than a motor vehicle or a motor cycle, included in the stock and other accounts" in item (i) in column 2, for the letters and figures "Rs.1,000" in column 3, the letters and figures "Rs.2,500" shall be substituted.

Note : These are First Amendment Rules to the Delegation of Financial Powers Rules, 1978 promulgated vide S.O. 2131 appearing in part II, Section (3) Sub-section (ii) of the Weekly Gazettee dated July 22, 1978.

[No. F.I. (9)-E-II (A)/74]

नई दिल्ली, 18 मई, 1979

का० आ० 1888.—केन्द्रीय सरकार राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम 1976 के नियम 10 के उपनियम (4) के अनुसरण में भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा विभाग के निम्नलिखित कार्यालयों को, जिसके कर्मचारी वृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

1. सदस्य लेखापरीक्षा बोर्ड एवं पदेन निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा, भोपाल
2. सदस्य लेखा परीक्षा बोर्ड एवं पदेन निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा (उर्वरक और रसायन) नई दिल्ली
3. डाक-तार लेखा परीक्षा कार्यालय दिल्ली
4. निदेशक लेखा परीक्षा (खाद्य) लखनऊ

[मि०सं० ए-11019/1/79 ई०जी०I]

एस०के० दास, अवर सचिव

New Delhi, the 18th May, 1979

S.O. 1888.—In pursuance of Sub-rule (4) of rule 10 of the Official Languages (use for official purposes of the Union) Rules, 1976 the Central Government hereby notifies the following offices of the Indian Audit and Accounts Department, the Staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi :

1. Member, Audit Board & Ex-officio Director of Commercial Audit, Bhopal.
2. Member, Audit Board & Ex-officio Director of Commercial Audit (Fertiliser & Chemicals), New Delhi.
3. P & T Audit Office, New Delhi.
4. Director of Audit (Food), New Delhi.
5. Regional Audit Office (Food), Lucknow.

[F. No. A-11019/1/79-EGI]

S. K. DAS, Under Secy.

वाणिज्य, नागरिक पूर्ति तथा सहकारिता मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 9 जून, 1979

का०आ० 1889.—भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए मेंढक की प्रशीतित टांगों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन लाने के लिये कतिपय प्रस्ताव तथा भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं०का०आ० 491 तारीख 11 फरवरी, 1966 को अधिक्रान्त करते हुए, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1965 के नियम 11 के उप-नियम (11) की अपेक्षानुसार, भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश तारीख 22 अप्रैल, 1978 से भारत के राजपत्र, तारीख 22 अप्रैल, 1978 में प्रकाशित किये गए थे ।

और उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उक्त आदेश के प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर आपत्तियां तथा सुझाव मांगे गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 24 अप्रैल, 1978 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और उक्त प्रस्तावों पर जनता से प्राप्त आपत्तियों तथा सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है;

अतः, अब, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 491 तारीख 11 फरवरी, 1966 को अधिक्रान्त करते हुए, केन्द्रीय सरकार, निर्यात निरीक्षण परिषद् से परामर्श करने के पश्चात् अपनी यह राय होने पर, कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है —

(1) अधिसूचित करती है कि मेंढक की प्रशीतित टांगे निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन होंगी ।

(2) इस आदेश के उपाबंध I में दिए गए मेंढक की प्रशीतित टांगों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1979 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को, निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करती है तो निर्यात से पूर्व मेंढक की प्रशीतित टांगों के संबंध में लागू होगा ;

(3) मेंढक की प्रशीतित टांगों के लिए इस आदेश के उपाबंध II में दिए गए विनिर्देशों को मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देती है ।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान मेंढक की ऐसी प्रशीतित टांगों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करती है जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित अभिकरणों द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण पत्र न हो कि मेंढक की ऐसी प्रशीतित टांगे मानक विनिर्देशों के अनुरूप है तथा निर्यात योग्य है ।

2. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को जल, थल या वायु मार्ग द्वारा मेंढक की प्रशीतित टांगों के उन नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी जिनका मूल्य 250/- से अधिक नहीं है ।

3. इस आदेश में मेंढक की प्रशीतित टांगों से, जैसे :—

(i) राना टाइग्राइना

(ii) राना हैक्साडेक्टाइला तथा

(iii) राना आगा

खाद्य मेंढकों से प्राप्त सभी प्रकार की मेंढक की प्रशीतित टांगे या मेंढक का मांस अभिप्रेत है ।

[सं० 6(10)/77-नि०नि० तथा नि०उ०]

MINISTRY OF COMMERCE, CIVIL SUPPLY AND COOPERATION

(Department of Commerce)

ORDER

New Delhi, the 9th June, 1979

S.O. 1889.—Whereas for the development of the export trade of India certain proposals for subjecting frozen froglegs to quality control and inspection prior to export, in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 491 dated the 11th February, 1966 and the notification were published as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rule 1964, in the Gazette of India dated the 22nd April, 1978 under the order of the Government of India in the Ministry of Commerce dated the 22nd April, 1978.

And whereas objections and suggestions were invited within forty five days of the publication of the said order from all persons likely to be affected thereby;

And whereas copies of the said Gazette were made available to the public on the 24th April, 1978.

And whereas the objections and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 491 dated the 11th February, 1966, the Central Government, after consulting the Export Inspection Council being of opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India, hereby—

(1) notifies that frozen froglegs shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) specifies the type of quality control and inspection in accordance with the Export of Frozen Froglegs (Quality Control and Inspection) Rules, 1979 as the type of inspection as set out in Annexure I to this order which shall be applied to such frozen froglegs prior to their export;

(3) recognises the specification as set out in Annexure II to this order as the standard specifications for frozen froglegs;

(4) prohibits the export, in the course of international trade of such frozen froglegs unless the same are accompanied by a certificate of inspection issued by an Agency established by the Central Government under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 to the effect that such frozen froglegs conform to the standard specifications and are exportworthy.

2. Nothing in this order shall apply to the export by land, sea or air of samples of frozen froglegs to prospective buyers, the value of which does not exceed Rs. 250.

3. In this order frozen froglegs shall mean all types of frozen froglegs or frogmeat, obtained from edible frogs such as :

(i) Rana Tigrina;
(ii) Rana hexadactyla; and
(iii) Rana crassa.

[No. 6(10)/77-EI&EP]

का०आ० 1890.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा मेंढक की प्रशीतित टांगों का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1965 को अधिक्रान्त करते हुए, केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :—इन नियमों का नाम मेंढक की प्रशीतित टांगों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ;

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली तथा मद्रास में स्थापित कोई अभिकरण अभिप्रेत है।

(ग) 'मेंढक' की प्रशीतित टांगों से—

(i) राना टाइग्राइना

(ii) राना हैक्साडेक्टाइला; तथा

(iii) रानक्रासा

जैसे खाद्य मेंढकों से प्राप्त सभी प्रकार के मेंढक की प्रशीतित टांगे या मेंढक का मांस अभिप्रेत है :

(घ) "मानक विनिर्देश" से प्रशीतित मेंढक की टांगों के वे विनिर्देश अभिप्रेत है जो इस आदेश के उपाबंध II में अधिकथित हैं।

3. "क्वालिटी नियंत्रण"

क. प्रसंस्करण यूनिटों की अपेक्षाएं

अभिकरण द्वारा अनुमोदित प्रसंस्करण एकक ही निर्यात के लिए मेंढक की प्रशीतित टांगों को प्रसंस्कृत करने के पात्र होंगे। (मछली तथा मछली से बने उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए अनुमोदित एककों को भी निर्यात के लिए मेंढक की टांगों को प्रसंस्कृत करने की अनुमति दी जाएगी)। ऐसे अनुमोदन के लिए अर्हित होने के लिए एकक के पास नीचे विनिर्दिष्ट न्यूनतम सुविधाएं होनी चाहिए।

(1) पास पड़ोस संरचना तथा अभिन्यास

(क) प्रसंस्करण एकक के पास पड़ोस में, जो प्रसंस्करणकर्ता के भौतिक नियंत्रण में हो, ऐसे कोई, दलदल, कूड़ा फेंकने के स्थान या पशुगृह होने चाहिए जो स्वच्छता संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं।

(ख) हवा से उड़कर आने वाली धूल से बचने के लिए प्रसंस्करण क्षेत्र के सभी निकटतम पहुंच मार्गों पर, जो प्रसंस्करणकर्ता के भौतिक नियंत्रण में हों, कंकरीट या तारकोल बिछाया जाना चाहिए या घास उगाई जानी चाहिए।

(ग) प्रसंस्करण एकक एक ऐसे स्थायी भवन में होगा, जहां वर्षा तथा हवा से उड़कर आने वाली धूल जैसे सामान्य जल वायु संबंधी खतरों से पर्याप्त सुरक्षा रहे।

(घ) विभिन्न अनुभागों का अभिन्यास इस ढंग से किया जाएगा कि कार्य सुचारू रूप से चल सके तथा प्रसंस्करण पूर्व अनुभाग से संभव दूषण को रोका जा सके।

(2) प्रसंस्करण क्षेत्र

(क) वह क्षेत्र जहां कच्चा माल प्राप्त तथा भंडारित किया जाता है उस क्षेत्र से बिल्कुल अलग रखा जाएगा जिसमें उत्पाद अन्तिम रूप से तैयार होता है या उसकी पैकिंग की जाती है जिससे कि तैयार उत्पाद दूषित होने से बच सके।

(ख) खाद्य उत्पादों को भंडार करने के लिए उपयोग में लाये जाने वाले क्षेत्र तथा कक्षा उन क्षेत्रों तथा कक्षों से अलग तथा भिन्न होंगे जिनमें अखाद्य सामग्री रखी जाती है।

(ग) जिन क्षेत्रों में सामग्री उठाई धरी जाती है वे निवास के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त क्षेत्र से बिल्कुल अलग होंगे।

(घ) ये सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कटी हुई टांगें पूरी सफाई के साथ तथा काटने के समय जितना संभव हो उतने कम समय में प्रसंस्करण एककों को ले जाई जाएंगी ।

(ङ) प्रसंस्करण एककों के समान कटिंग केन्द्र भी उन्हीं सफाई संबंधी अपेक्षाओं के अधीन होंगे ।

(च) अच्छी सफाई तथा स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक नियमित सफाई कार्यक्रम अपनाया जाएगा ।

(3) छत, दीवार तथा फर्श

(क) उस कमरे की छत जहां माल या तो रखा जाता है या प्रसंस्कृत किया जाता है, दरारों और खुले हुए जोड़ों से मुक्त होगी तथा ऐसी होनी चाहिए जिसमें आसानी से सफाई की जा सकती हो ।

(ख) छत ऐसी हो कि उसमें कृन्तक रुक न सकते हों ।

(ग) प्रसंस्करण क्षेत्रों की दीवारें चिकनी तथा गड्ढों और दरारों से मुक्त होंगी । तथा उन्हें ऐसी होगी कि उन्हें कम से कम 1.3 मीटर तक की ऊंचाई तक धोया जा सकता हो ।

(घ) फर्श अपारगम्य तथा असंक्षारक सामग्री से बना होगा तथा उसमें अपशिष्ट पानी को बाहर निकालने के लिए पर्याप्त ढलान होगा ।

(ङ) फर्श तथा दीवारों के जोड़ों में ऐसी गोलाई होनी चाहिए कि सफाई आसानी से हो सके ।

(4) मक्खियों से बचाव कीड़ों तथा पशुओं पर नियंत्रण

(क) प्रसंस्करण क्षेत्र में मक्खियों से बचाव के लिये सभी प्रभावशाली व्यवस्था की जाएगी ।

(ख) प्रसंस्करण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के कीड़ों, कृन्तकों, पक्षियों, बिल्लियों, कुत्तों तथा इसी प्रकार के अन्य पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए उपाय किये जाएंगे ।

(5) प्रकाश तथा संचालन

(क) सभी कार्य-क्षेत्रों में अच्छा प्रकाश होना चाहिए ।

(ख) प्रसंस्करण मेज के ऊपर या उत्पाद को तैयारी के किसी भी प्रक्रम पर, रोशनी के लिए बल्ब या फिक्सचर सीधे नहीं लटकाए जाने चाहिए । ये सुरक्षित प्रकार के होने चाहिए अथवा उन्हें अन्यथा इस प्रकार सुरक्षित रखा जाना चाहिए कि टूट जाने की दशा में संदूषण को रोका जा सके ।

(ग) जिन कमरों में काम किया जाता है, उनमें ताजी हवा लाने के लिए, अवांछनीय गंध, भाप तथा धुएं को वहां से निकालने के लिए तथा वहां द्रवण रोकने के लिये, प्राकृतिक या यांत्रिक संवातन प्रणाली की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए ।

(6) काम करने के लिये मेजें तथा बर्तन

(क) प्रसंस्करण कार्य के लिए प्रयुक्त की जाने वाली मेजें, लकड़ी से भिन्न, किसी असंक्षारक, अनभिकारक सामग्री की होंगी ।

(ख) प्रसंस्करण मेजें इस प्रकार से बनाई तथा लगाई जाएंगी कि उनके नीचे तथा आस-पास के क्षेत्र की आसानी से सफाई की जा सके ।

(ग) मेज की सतह स्टैनलैस इस्पात, एल्यूमिनियम अथवा जंग रहित जी० आई० चादर की होनी चाहिए तथा समतल और गड्ढों तथा दरारों से मुक्त होगी ।

(घ) काम में आने वाली मेजों की व्यवस्था ऐसे की जाएगी कि काम सुगमता से किया जा सके ।

(ङ) प्रसंस्करण के लिए काम में आने वाली सभी पात्र जैसे ट्रे, टैंक, कुण्ड तथा बर्तन, लकड़ी से भिन्न, असंक्षारक पदार्थ के होंगे । ये दरारों से मुक्त समतल सतह वाले होंगे । तारों की जाली के प्रयोग की अनुमति भी दी जा सकती है बशर्ते कि वह जंग रहित हो ।

(च) इनेमिल किए गए बर्तनों का प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

(छ) बांस की टोकरियों का प्रयोग प्रसंस्करण कक्ष के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर अनुमत किया जा सकता है ।

(ज) अखाद्य तथा दूषित सामग्री के लिये प्रयोग में लाए जाने वाले उपस्कर तथा बर्तन ऐसे होने चाहिये कि उन्हें किसी चिन्ह या आकार या रंग के कारण पहचाना जा सके । जिसके लिये उन्हें खाद्य वस्तुओं को धरने-उठाने के लिये प्रयोग में न लाया जा सके ।

(झ) प्रसंस्करण क्रिया के दौरान कार्य क्षेत्रों से अपशिष्ट सामग्री शीघ्र हटाई जाएगी तथा इस प्रयोजन के लिये पर्याप्त संख्या में अपशिष्ट पात्रों की व्यवस्था की जाएगी ।

(7) मशीनें

(क) कार्य सर्वाधिक होने के समय, उत्पादन की पूर्ति के लिये पर्याप्त प्रशीतन क्षमता होनी चाहिए तथापि अन्य अनुमोदित प्रसंस्करण एककों की फालतू क्षमता का भी प्रयोग किया जा सकता है परन्तु ऐसे प्रशीतन के लिए नियंतिकर्ता/प्रसंस्करणकर्ता जिम्मेदार होगा ।

(ख) जिस प्रकार का प्रशीतन काम में लाया जाएगा वह उत्पाद की प्रकृति तथा पैकिंग की किस्म को देखते हुए विशेष किस्म का होगा । उत्पाद की अपेक्षाओं के अनुसार इस प्रयोजन के लिये प्लेट प्रशीतक या ब्लास्ट प्रशीतक का प्रयोग किया जा सकता है ।

(ग) सामग्री अलग-अलग जल्दी जमने वाली होगी या उसे ब्लाकों में प्रशीतित किया जाएगा ताकि $3\frac{1}{2}$ घंटे की अवधि में उसका तापमान 40° सें० ग्रे० तक पहुंच जाए ।

(घ) तापमान दर्शित करने के लिये प्रशीतन उपकरण के साथ गेज फिट किए जाएंगे ।

(8) शीतागार तथा भण्डागार

(क) शीतागार की स्थिति तथा डिजाइन इस प्रकार की होनी चाहिए कि वह सम्पूर्ण स्थापना के सामान्य अभिन्यास के साथ सम्बद्ध रहे तथा इसका प्रचालन सर्वांगीण कार्य पद्धति में खप सके ।

(ख) प्रत्येक प्रशीतन एकक में पर्याप्त क्षमता वाले शीतागार होंगे । तथापि निम्न शर्तों के अधीन रहते हुए, शीतागारों की सामान्य सुविधा का प्रयोग किया जा सकता है :—

(i) उचित तापमान बनाए रखना ;

(ii) विद्युत रोधी ट्रकों द्वारा परिवहन; तथा

(iii) डिब्बों के इस प्रकार घण्टे लगाए जाएं कि उन्हें पहचाना जा सके ।

(ग) शीतागार का आदर्श तापमान — 18° सें० ग्रे० अथवा उससे कम होगा और अच्छा यह होगा कि उसमें कोई स्वचालित तापमान अभिलेखन यंत्र फिट हो, तथापि जांच के किसी भी समय उत्पाद का तापमान 16° सें० ग्रे० होना चाहिए ।

(घ) निरन्तर अभिलेखन थर्मामीटर के अभाव में, शीतागार का तापमान कम से कम प्रत्येक 4 घंटे में मापा जाएगा तथा उसका उचित अभिलेख रखा जाएगा ।

(ङ) शीतागार में प्रकाश की उचित व्यवस्था होगी तथा आसानी से हवा आने जाने की सुविधा के लिये फर्श तथा साइडों पर उचित व्यवस्था की जाएगी ।

(च) शीतागार में प्रवेश की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये कि प्रवेश द्वार खोलते ही तापमान में अधिक वृद्धि न हो अन्यथा इससे भंडारित सामान पर कुप्रभाव पड़ेगा ।

(छ) उचित आकार के एक संलग्न कक्ष की भी व्यवस्था की जानी चाहिए है तो संलग्न कक्ष की व्यवस्था आवश्यक नहीं होगी ।

(ज) शीतागार की प्रशीतक सतह को, उस पर बर्फ या हिम के अधिक जमने को रोकने के लिए नियमित रूप से विहिमीकृत किया जाना चाहिए, अन्यथा प्रशीतन यंत्र की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

(झ) विहिमीकरण के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिये कि हिम, बर्फ या पिघल कर बना पानी भंडारित उत्पाद पर न पड़े।

(ञ) यदि कोई व्यक्ति शीतागार के अन्दर फंस जाए तो उसे समय से सहायता पहुंचाने के लिए शीतागार में कारगार खतरे की घंटी लगी होनी चाहिए।

(ट) शीतागार में सफाई संबंधी अपेक्षाओं का उसी प्रकार पालन किया जाएगा जैसे कि सामग्री की व्यवस्था करने वाले अन्य स्थापनों में होता है।

(ठ) इस प्रयोजन के लिये नियमित रूप से सफाई व्यवस्था की जाएगी, जिससे कि स्वच्छता बनाए रखना सुनिश्चित हो सके।

(ड) जिस एककों में पर्याप्त प्रसंस्करण सुविधाओं के अभाव में, कच्चा माल रात भर के लिए भंडारित किया जाता है वहां उपयुक्त आकार के एक ठंडे कमरे की, जिसका तापमान $+1^{\circ}$ सें० या कम हो, व्यवस्था की जाएगी। तथापि जिन एककों में ठंडे कमरे की सुविधा नहीं है उनमें सामग्री को रात भर पर्याप्त बर्फ में रखा जाना चाहिये।

(ढ) सभी प्रक्षालक तथा रोगाणुनाशक अलग-अलग भंडारित किये जाएंगे।

(ण) पैकिंग सामग्री को भंडार में रखने की सुविधा अलग से होगी।

(त) अग्निशमन यंत्रों के अतिरिक्त, जहरीले पदार्थ जैसे कृन्तकनाशी, धूमक, कीट नाशी या अन्य पदार्थ, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, पृथक बंद कमरे में रखे जाने चाहिए।

(9) जल तथा बर्फ

(क) पेय जल (हानिकारक रसायन तथा कीटाणु रहित) प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होगा।

(ख) यदि प्रसंस्करण के लिये प्रयुक्त जल, संरक्षित जल प्रदाय स्कीम से भिन्न श्रोत से लिया जाता है तो उसकी पेयता का प्रमाण-पत्र जिसे निर्यात निरीक्षण अभिकरण ने या उसके द्वारा अनुमोदित अन्य संस्थाओं ने दिया हो, प्रस्तुत किया जाएगा।

(ग) यदि बायलर या अन्य सहायक सेवाओं के लिए पीने अयोग्य जल का प्रदाय किया जाता है तो सहायक जल वितरण तंत्र तथा पेय जल वाहन तंत्र के बीच कोई क्रास-संबंध नहीं होगा।

(घ) यदि संचयन टंकी का प्रयोग किया जाता है तो उसे बाहरी संदूषणों से अच्छी तरह सुरक्षित रखा जाएगा, और वह पर्याप्त क्षमता वाली होगी।

(ङ) संचयन टंकी 6 मास में कम से कम एक बार अच्छी तरह से साफ की जाएगी।

(च) प्रसंस्कृत कच्चे सामग्री के प्रत्येक किलो ग्राम के लिये पेयजल की खपत कम से कम 12 लिटर होगी।

(छ) प्रसंस्करण के लिये प्रयुक्त जल में क्लोरीन अंश कम से कम 3 पी० पी० एम० स्तर पर रखा जाएगा।

(ज) चमकाने (ग्लेजिंग) तथा पुनः चमकाने (रीग्लेजिंग) के लिये प्रयुक्त जल 10 पी०पी० एम० स्तर परक्लपेरीन युक्त होगा।

(झ) केवल पेय जल से बनी बर्फ ही प्रयोग में लाई जाएगी।

(ञ) यदि बाहर की बनी बर्फ ही प्रयोग की जाती है तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वह पेय जल से बनाई गई है तथा दूषित नहीं है।

(ट) यदि बर्फ तोड़ने की मशीन प्रयुक्त की जाती है तो वह अच्छी साफ हालत में रखी जाएगी।

(10) सफाई संबंधी सुविधाएं तथा नियंत्रण

(उ) सफाई

(क) ऐसे सभी बर्तन, ट्रे और मेज की सतह, जो कच्चे माल को छोड़कर अन्य सामग्री के लिये प्रयुक्त होती है, पहले अपमार्जक पदार्थों से साफ की जाएगी और अंत में न्यूनतम 50 पी०पी० ए० क्लोरीन वाले जल से साफ की जाएगी।

(ख) प्रसंस्करण कक्ष दिन का काम प्रारम्भ करने से पहले एक बार साफ किया जाएगा और फिर प्रत्येक पारी के अन्त में साफ किया जाएगा।

(ग) इसके अतिरिक्त सफाई और धुलाई समय-समय पर आवश्यकतानुसार बार-बार की जाएगी।

(ii) धुलाई की सुविधा

(क) प्रत्येक प्रसंस्करण कक्ष में प्रवेश द्वार के पास साबुन तथा हाथ धोने की पर्याप्त सुविधाएं की जाएंगी।

(ख) पांव साफ करने का प्रबंध भी प्रवेश द्वार के पास किया जाएगा।

(iii) वाहित मल तथा अपशिष्ट जल का निपटान

(क) प्रसंस्करण परिसर में प्रयुक्त जल को निकालने के लिये जल निकास की और उसे एकक से कम से कम तीन मीटर दूर किसी नाले में डालने की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

(ख) कारखाने के अन्दर जल निकास व्यवस्था ठीक से ढकी हुई होगी तथा सरलता से सफाई करने योग्य होगी।

(ग) कृन्तकों के प्रवेश को रोकने के लिए खुली नालियों के जो दीवारों में से गुजरती है, मुख पर धातु की जालिया लगाई जाएंगी।

(घ) मल, गंदे पानी और कूड़े करकट के निपटान की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि वह एकक तथा उसके पास-पड़ोस के लिये सफाई संबंधी कोई समस्या उत्पन्न न करे।

(ङ) शौच स्थल से गंदा जल इस ढंग से बहाया जाएगा कि मक्खियां उस तक पहुंच न सके और एककों को दिया जाने वाला पानी प्रदूषित न हो।

(च) किसी भी दशा में परिसर में अपशिष्ट जल या वर्षा का जल एकत्रित नहीं होगा।

(iv) शौच सुविधाएं

(क) इस संबंध में लागू विधिक अपेक्षाओं के अनुसार सफाई की दृष्टि से पर्याप्त शौच सुविधाएं दी जाएंगी।

(ख) शौच स्थल प्रसंस्करण क्षेत्रों से कुछ दूर अलग स्थित होंगे तथा उनके अपने आप बंद होने वाले दरवाजे हाथ धोने का पात्र तथा साबुन की सुविधाएं भी होंगी।

(ग) धुलाई के प्रयोजनों के लिए पेय जल उपलब्ध किया जाएगा।

(ii) कर्मचारियों का स्वास्थ्य तथा स्वच्छता

(क) संयंत्र के प्रबंधक यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखेंगे कि किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसके बारे में यह ज्ञात हो कि वह संक्रामक रोग से पीड़ित है ऐसे किसी भी क्षेत्र में कार्य करने की अनुमति न दी जाएगी जहां उत्पाद उठाया रखा जा रहा हो।

(ख) ऐसे रोग का पता आसानी से लगाने के लिए प्रबंधक उन कर्मचारियों की जो एकक के खाद्य संबंधी क्षेत्र में कार्य कर रहें हैं वर्ष में कम से कम एक बार स्वास्थ्य परीक्षा कराएगा ।

(ग) प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी व्यक्ति काम करते समय अत्यधिक सफाई रखेंगे ।

(घ) प्रबंधक प्रसंस्करण तथा पैकिंग क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों को साफ किये हुए एप्रन तथा टोपियां देगें ।

(ङ) कर्मचारी, जब भी आवश्यक है, और विशेष रूप से प्रत्येक अनुपस्थित के पश्चात्, प्रसंस्करण कक्ष में प्रवेश करने से पूर्व, अपने हाथ तथा पैर पेय जल तथा साबुन से धोयेगा ।

(च) परिसरों में थूकना तथा किसी भी रूप में तम्बाकू का प्रयोग निषिद्ध होगा ।

(छ) भोजन करने के लिए अलग से किसी स्थान की व्यवस्था की जाएगी तथा अन्य स्थानों पर भोजन करना निषिद्ध होगा ।

12. परिवहन सुविधाएं :—

(क) सबसे अच्छा तो यह है कि कच्चा माल तथा तैयार माल केवल विद्युत रोधी या प्रशीतित वाहनों में ले जाया जाए। तैयार माल किसी भी दशा में, गैर विद्युत रोधी वाहनों में नहीं ले जाया जाएगा ।

13. अभिलेख का रखा जाना

मेंढक की टांगों के प्रसंस्करण का प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रसंस्करण कर्ता परिषद द्वारा समय-समय पर यथा विहित अभिलेखा तथा रजिस्टर रखेगा। यह अभिलेख अभिकरण या परिषद् के अधिकारियों को, यथा पेक्षित रूप में उपलब्ध किया जाएगा ।

(ख) मेंढक की टांगों के प्रसंस्करण एककों अथवा कटिंग केन्द्रों का अनुमोदन

(1) (क) निर्यात करने के लिए मेंढक की टांगों का प्रसंस्करण करने का इच्छुक प्रसंस्करण कर्ता अपने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित रूप में, परिषद द्वारा विहित प्रोफार्मे में, अभिकरण के निकटतम कार्यालय को देगा ।

(ख) ऐसी सूचना प्राप्त होने पर, अभिकरण के अधिकारी प्रसंस्करण एकक या कटिंग केन्द्रों में यह देखने के लिए जाएंगे कि एकक में प्रसंस्करण के लिए सुविधाएं उपलब्ध है या नहीं ।

(ग) यदि ये पाया जाता है कि एकक में वे न्यूनतम सुविधाएं जो इन नियमों में विनिर्दिष्ट हैं विद्यमान हैं तो अभिकरण एकक अनुमोदित कर देगा तथा उसे निर्यात के लिए मेंढक की टांगों का प्रसंस्करण संबंधी कार्य करने की आज्ञा दे देगा ।

(घ) यदि यह पाया जाता है कि एकक में न्यूनतम सुविधाएं विद्यमान नहीं हैं तो प्रसंस्करण कर्ता को निर्यात के लिए मेंढक की टांगों के प्रसंस्करण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

2. (क) प्रसंस्करण कर्ता को दिया गया अनुमोदन कम से कम सात दिन की सूचना देने के बाद, निम्नलिखित कारणों से वापिस लिया जा सकेगा,—

(i) यदि उपकरण, मशीनें और भंडारकरण की सुविधाएं अच्छी कार्यकरण दशा में नहीं है ।

(ii) यदि एकक की स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है;

(iii) यदि प्रति जांच के लिए लिये गए नमूने निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं;

(iv) यदि प्रसंस्करण कर्ता ने इन नियमों के उपबंधों या समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों का उल्लंघन किया है या जानबूझ कर उल्लंघन करने का प्रयत्न किया है । अनुमोदन की ऐसी वापसी प्रसंस्करण कर्ता को लिखित रूप में सूचित की जाएगी ।

(3) (क) यदि प्रसंस्करण कर्ता अनुमोदन को वापिस लेने के विनिश्चय से व्यथित है तो वह नियम 5 में निर्दिष्ट विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा ऐसे मामले में उसे प्रसंस्करण जारी रखने की अनुमति होगी ।

(ख) यदि विशेषज्ञों के उक्त पैनल का विनिश्चय प्रतिकूल होता है तो प्रसंस्करण कर्ता निर्यातकर्ता को मध्यवर्ती अवधि के दौरान सम्पूर्ण प्रसंस्कृत माल निर्यात करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(4) जिस एकक का अनुमोदन वापिस ले लिया गया है, वह कमियों को दूर करने के पश्चात् अभिकरण से पुनः अनुमोदित करने के लिये पुनः आवेदन कर सकेगा ।

(5) (क) यदि किसी भी समय किसी कारणवश उत्पाद को विनिर्देशों के अनुरुप बनाए रखने में कठिनाई होती है, या किसी कारणवश अभिकरण ने यह निर्देश दिया है कि निर्यात के लिये उत्पादन निलम्बित कर दिया जाए तो, अभिकरण को सूचित करते हुए, निर्यात के लिए प्रसंस्करण निलम्बित कर दिया जाएगा ।

(ख) निर्यात के लिए प्रसंस्करण तभी पुनः आरम्भ किया जाएगा जब उसके लिये अभिकरण लिखित रूप में अनुमोदन दे दे ।

(ग) प्रसंस्करण

(1) प्रसंस्करण कर्ता सक्षम कर्मचारियों के निरीक्षण में ही अनुमोदित एककों में प्रसंस्करण करेगा ।

परन्तु यदि किसी टाईप के निवास-स्थान नमक आयुक्त के कार्यालय के कर्मचारिवृन्द का अपुक्षाओं से अधिक है तो नमक आयुक्त आबंटिती से इस आशय का वचनबंध प्राप्त करके कि नमक आयुक्त उसे लिखित रूप में एक मास की सूचना देकर आबंटन प्रतिसंहृत कर सकेगा, विशेष मामले के रूप में केन्द्रीय या राज्य सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारी/कर्मचारियों को आबंटन कर सकेगा।

(ट) "अनुज्ञप्ति फीस" से इन नियमों के अधीन आबंटित निवास स्थान की बाबत मूल नियम के उपबंधों के अनुसार मासिक रूप से देय धनराशि अभिप्रेत है,

(ठ) "निवास-स्थान" से ऐसा निवास स्थान अभिप्रेत है जो तत्समय नमक आयुक्त जयपुर के प्रशासनिक नियंत्रण में है ;

(ड) "उप पट्टे पर देने " में किसी आबंटिती द्वारा अन्य व्यक्ति के साथ और अन्य व्यक्ति द्वारा किराए का संदाय करने पर अथवा किए बिना, आवास-सुविधा का सहभोग करना सम्मिलित है;

स्पष्टीकरण :— किसी आबंटिती द्वारा अपने निकट नातेदार या सौमित्तिक अतिथि के आवास सुविधा का सहभोग, उप पट्टप नहीं समझा जाएगा;

(ढ) "अस्थायी स्थानान्तरण" से ऐसा स्थानान्तरण अभिप्रेत है जिसमें जयपुर से कर्तव्य पर अनुपस्थिति की अवधि चार मास से अधिक की नहीं है;

(ण) "स्थानान्तरण" से जयपुर से किसी अन्य स्थान को अथवा जयपुर में किसी अपात्र कार्यालय में स्थानान्तरण अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत राज्य सरकार के किसी विभाग या केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग या किसी अपात्र संस्था या निकाय में स्थानान्तरण भी है;

(त) "टाइप" से किसी अधिकारी के संबंध में निवास-स्थान का वह टाइप अ अभिप्रेत है, जिसका वह नियम 5 के अधीन पात्र है।

अनु० नि० 317 कथ 3-मकानों के स्वामी अधिकारियों का इन नियमों के अधीन आबंटन के लिए पात्र होना:—

(1) इस नियम में,

(क) 'लगी हुए नगर पालिका' से स्थानीय नगर पालिका से आसन्न कोई नगरपालिका अभिप्रेत है;

(ख) किसी अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्य के संबंध में मकान से, निवासीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त होने वाला कोई ऐसा भवन या उसका कोई भाग अभिप्रेतित है जो, स्थानीय नगर पालिका या किसी लगी हुए नगर पालिका की अधिकारिता के भीतर स्थित है।

स्पष्टीकरण:— ऐसा भवन, जिसका भाग निवासीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किया जाता है, इस बात के होते हुए भी कि उसका कोई भाग अनिवासीय प्रयोजनों के लिए भी प्रयुक्त होता है, इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए मकान समझा जाएगा;

(ग) किसी अधिकारी के संबंध में, स्थानीय नगरपालिका से ऐसी नगरपालिका अभिप्रेत है जिसकी अधिकारिता के भीतर उसका कार्यालय स्थित है;

(घ) 'नगरपालिका' के अंतर्गत नगर-निगम, नगर समिति बोर्ड, नगर क्षेत्र समिति, अधिसूचित क्षेत्र समिति, छावनी बोर्ड भी है ;

(2) वे अधिकारी भी, जिनके अपने मकान हैं, क्वार्टरों के आबंटन के लिए पात्र होंगे। ऐसे अधिकारियों को आबंटन सामन्य भाड़े पर किया जायेगा उसके अपने आधी दर पर, यदि मकान आय प्रतिमास 1000 रु० से अधिक नहीं है, बाजार-भाड़े की आधी दर पर यदि अथवा प्रतिमास 1000 रू० से अधिक किन्तु 2000 रू० से अधिक नही है। तथा बाजार-भाड़े की पूरी दर पर, यदि आय प्रतिमास 2000 रु० से अधिक हो। यह नियम समान रूप से लागू होगा, चाहे मकान का स्वामी अधिकारी स्वयं है या उसकी पत्नी/उसका पति है या उसके आश्रित बच्चे हो।

(3) यदि कोई अधिकारी, सरकारी निवास- स्थान आबंटित कर दिए जाने के पश्चात स्वंय या उसके कुटुम्ब का कोई अन्य सदस्य मकान बनाता है या अन्यथा मकान का स्वामी हो जाता है, तो ऐसा अधिकारी, उस तारीख से, जिसको वह या ऐसा सदस्य व मकान का स्वामी होता है, चार सप्ताह की अवधि के भीतर सम्पदा अधिकारी को ऐसा तथ्य अधिसूचित करेगा।

(4) इस नियम में किसी बात के होते हुए भी, सरकार कष्ट के विनिर्दिष्ट मामलों में या लोकहित में किसी अधिकारी को निवासस्थान आबंटित कर सकेगी या यदि वह ऐसे निवास-स्थान का अधिभोगी है, तो यथास्थिति, भू० नि० 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस के संदाय या भाड़ा- युक्त आधार पर उसके प्रतिधारण की उसे अनुज्ञा दे सकेगी।

अनु० नि० 317 कथ 4 पति और पत्नी को आबंटन, परस्पर विवाहित अधिकारियों के मामलों में पात्रता:—

(1) किसी अधिकारी को, यथास्थिति, जिसकी पत्नी या जिसके पति को पहले ही निवास स्थान आबंटित किया जा चुका है, इन नियमों के अधीन कोई निवास-स्थान तब तक आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसा निवास स्थान अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता:

परन्तु यह उप-नियम वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में पृथक निवास कर रहे हैं।

(2) यदि दो अधिकारी, जो इन नियमों के अधीन आबंटित पृथक-पृथक निवास- स्थानों के अधिभोगी हैं, परस्पर विवाह कर लेते हैं तो वे विवाह के एक मास के भीतर उस निवास-स्थानों में से एक अभ्यर्पित कर देंगे।

(3) यदि निवास- स्थान का अभ्यर्पण उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता है तो निम्नतर टाइप के निवास स्थान का आबंटन एक मास की समाप्ति पर रद्द कर दिया गया समझा जाएगा और यदि निवास- स्थान एक ही टाइप के हैं तो नमक आयुक्त के विनिश्चयानुसार उनमें से एक का आबंटन उक्त एक मास की समाप्ति पर रद्द कर दिया गया समझा जाएगा।

4. यदि पति और पत्नी दोनों, नमक आयुक्त के कार्यालय, जयपुर में नियोजित हों तो इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के आबंटन के लिए उनकी पात्रता पर स्वतन्त्र रूप से विचार किया जाएगा।

अनु० नि० 317—कथ-5 निवास स्थानों का वर्गीकरण :—इन नियमों द्वारा जैसा उपबंधित है उसके सिवाय, अधिकारी नीचे दी गई सारणी में वर्णित टाइप के निवासस्थान के आबंटन का पात्र होगा :—

निवास स्थान का टाइप	अधिकारी को जिस आबंटन वर्ष में आबंटन किया जाएगा उसके प्रथम दिन उसका प्रवर्ग अथवा उसकी मासिक उपलब्धियां
1	259 रु० तक
2	260 रु० से 499 रु० तक
3	500 रु० से 999 रु० तक
4	1000 रु० से 1499 रु० तक
5	1500 रु० और उससे अधिक, मुख्य एकक

अनु०नि० 317 कथ-6—आबंटन के लिए आवेदन पत्र : वह अधिकारी, जो निवास-स्थान के आबंटन या ऐसे निवास-स्थान को, जो उसे आबंटित किया गया है, बनाए रखने की वांछा करता है, सम्पदा अधिकारी को किसी भी समय आवेदन कर सकेगा और उस निमान सम्पदा अधिकारी को तब आवेदन करेगा जब उसके द्वारा ऐसा करने के लिए निदेश दिया जाए और ऐसी तारीख तक ऐसा आवेदन करेगा जो सम्पदा अधिकारी द्वारा विहित की जाए। प्रस्तुत किया जाने वाला आवेदन उपबन्ध 'ख' में दिए गए प्रारूप में होगा।

अनु० नि० 317 कथ-7—निवास स्थानों का आबंटन और प्रस्थापनाएं :—(1) इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, किसी निवास-स्थान के खाली होने पर वह, सम्पदा अधिकारी द्वारा उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जिसकी उस टाइप के निवास-स्थान के लिए पूर्विकता तारीख पूर्वतम हो। यह आबंटन निम्नलिखित शर्तों पर होगा, अर्थात् :—

(I) सम्पदा अधिकारी उस टाइप से उच्चतर टाइप का निवास-स्थान आवंटित नहीं करेगा जिसका आवेदक नियम 5 के अधीन पात्र है;

(II) सम्पदा अधिकारी किसी आवेदक को इस बात के लिए विवश नहीं करेगा कि वह नियम 5 के अधीन जिस टाइप के निवास-स्थान का पात्र है उससे निम्नतर टाइप का निवास-स्थान स्वीकार करे।

(III) सम्पदा अधिकारी अति विशेष परिस्थितियों में किसी आवेदक से निम्नतर प्रवर्ग के निवास-स्थान के आबंटन के लिए उसकी प्रार्थना पर उसे ऐसे निवास-स्थान से ठीक निचले टाइप का निवास-स्थान आवंटित कर सकता है जिसके लिए आवेदक अपनी पूर्विकता तारीख के आधार पर नियम 5 के अधीन (उस तारीख को जिसको प्रार्थना की गई थी) पात्र है।

(2) यदि किसी अधिकारी के अधभोगाधीन किसी निवास-स्थान को खाली कराना अपेक्षित है तो सम्पदा अधिकारी उस अधिकारी का ऐसी टाइप का अनुकल्पी निवास-स्थान आवंटित कर सकता है, अथवा

अत्यावश्यकता की स्थिति में, उस अधिकारी के अधिभोगाधीन के निवास-स्थान के टाइप से ठीक निम्नतर टाइप कक्ष का अनुकल्पी निवास-स्थान भी आबंटित कर सकता है ।

टिप्पणी :—यदि किसी अधिकरी के अधिभोगाधीन उस टाइप के निवास-स्थान से, जिसके लिए वह नियम 5 के अनुसार हकदार है, उच्चतर टाइप का निवास-स्थान है तो उसे उस टाइप की, जिसके लिए वह नियम 5 के अधीन हकदार है, अनुकल्पी निवास-स्थान या अत्यावश्यकता की स्थिति में उस टाइप से, जिसके लिए वह हकदार है, ठीक निचली टाइप का अनुकल्पी निवास-स्थान दिया जा सकेगा ।

(3) खाली निवास-स्थान को, उपर्युक्त उप-नियम (1) के अधीन किसी अधिकारी को आबंटित किए जाने के अतिरिक्त, अन्य पात्र अधिकारियों को भी उनकी पूर्विकता की तारीखों के क्रम से, आबंटन के लिए प्रस्थापित किया जा सकता है ।

अनु० नि० 317-कथ-8—आबंटन या प्रस्थापना का स्वीकार न किया जाना अथवा आबंटित निवास-स्थान को स्वीकार करने के पश्चात् अधिभोग में न लेना :—

(1) यदि कोई अधिकारी किसी निवास-स्थान का आबंटन, आबंटन-पत्र की प्राप्ति की तारीख से सात दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है अथवा स्वीकार करने के बाद आठ दिन के भीतर उस निवास-स्थान का कब्जा नहीं लेता है या कुछ समय के पश्चात् आबंटन अभ्यर्पित कर देता है तो वह, यथास्थिति, उस आबंटन-पत्र या अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की अवधि पर्यन्त दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा ।

(2) यदि किसी अधिकारी को, जिसके अधिभोगाधीन किसी निम्नतर टाइप का निवास-स्थान है, ऐसे टाइप का निवास-स्थान आबंटित या प्रस्थापित किया जाता है जिसके लिए वह नियम 5 के अधीन पात्र है या उसके लिए उसने नियम 7(I)(iii) के अधीन आवेदन किया है तो उसे, उक्त आबंटन या आबंटन की प्रस्थापना के अस्वीकार कर दिए जाने पर, पहले आबंटित निवास-स्थान में रहने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुज्ञात किया जा सकता है, अर्थात् :—

(क) ऐसा अधिकारी आबंटनपत्र की तारीख से छह मास की अवधि तक के लिए उच्चतर श्रेणी के निवास-स्थान के दूसरे आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा;

(ख) विद्यमान निवास-स्थान रखे रहने के दौरान उस पर वह अनुज्ञप्ति फीस जो उसे मू० नि० 45-क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्थापित निवास-स्थान के लिए संदत्त करनी पड़ती अथवा वह अनुज्ञप्ति फीस जो उस निवास-स्थान के लिए देय है जो पहले ही उसके अधिभोग में है, इसमें से जो भी अधिक है वह, प्रभारित की जाएगी ।

अनु० नि० 317-कथ-9—आबंटन प्रभावी रहने की अवधि, और तत्पश्चात् कब्जा बनाए रखने की रियायती अवधि :—

(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको सम्बन्धित अधिकारी ऐसे स्वीकार करता है और तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि :—

(क) अस्थायी स्थानान्तरण की अवधि समाप्त नहीं हो जाती;

(ख) उपखण्ड (2) के अधीन अनुज्ञेय रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती;

(ग) आबंटन, सम्पदा अधिकारी द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता या इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द किया गया नहीं समझा जाता;

(घ) अधिकारी द्वारा अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता; या

(ङ) अधिकारी निवास-स्थान का अधिभोग समाप्त नहीं कर देता ।

(2) अधिकारी, उसे आबंटित निवास-स्थान को, उपनियम (3) के अधीन रहते हुए, निम्न सारणी के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट घटनाओं में से किसी के घटित होने पर उस अवधिपर्यन्त अपने पास रख सकता है जो उस सारणी के स्तम्भ 2 में तत्सम्बन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है, परन्तु यह तब जब कि वह निवास-स्थान, अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के सद्भाविक उपयोग के लिए अपेक्षित हो ।

सारणी

घटनाएं	निवास-स्थान अपने पास रखने के लिए अनुज्ञेय अवधि
(i) पदत्याग, पदच्युति, सेवा से हटाया जाना, या सेवा का पर्यवसान ।	1 मास
(ii) सेवा-निवृत्ति या सेवान्त छुट्टी	2 मास
(iii) आबंटती की मृत्यु	4 मास
(iv) जयपुर से बाहर किसी स्थान को स्थानान्तरण ।	2 मास
(v) राज्य या केन्द्रीय सरकार को प्रतिनियुक्ति	2 मास
(vi) भारत में अन्यत्र सेवा पर जाना	2 मास
(vii) छुट्टी जो निवृत्ति-पूर्व छुट्टी, अस्वीकृत छुट्टी, सेवान्त छुट्टी, चिकित्सीय छुट्टी या अध्ययनार्थ छुट्टी से भिन्न हो ।	छुट्टी की अवधिपर्यन्त किन्तु चार मास से अनधिक ।
(viii) निवृत्ति-पूर्व छुट्टी या मूल नियम 86 के अधीन दी गई अस्वीकृत छुट्टी ।	पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूर्ण अवधिपर्यन्त पूर्व छुट्टी की दशा में 180 दिन की और अन्य मामलों में 4 मास की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए ।
(ix) अध्ययनार्थ छुट्टी (भारत से बाहर) या भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति ।	अवधिपर्यन्त
(x) चिकित्सीय आधार पर छुट्टी (क्षय रोग छुट्टी से भिन्न)	छुट्टी की पूर्ण अवधिपर्यन्त किन्तु आठ मास से अधिक नहीं ।
(xi) क्षय रोग के आधार पर चिकित्सीय छुट्टी	छुट्टी की पूर्ण अवधि के लिए ।
(xii) प्रशिक्षण	प्रशिक्षण की पूर्ण अवधि के लिए
(xiii) भारत में अध्ययनार्थ छुट्टी	छुट्टी की अवधिपर्यन्त, किन्तु छह मास से अधिक नहीं ।

स्पष्टीकरण :

(1) मद (4), (5) और (6) के सामने उल्लिखित स्थानान्तरण पर अनुज्ञेय अवधि की गणना पर भार छोड़ने की तारीख से की जाएगी । जहां भारत में स्थानान्तरण होने या अन्यत्र सेवा में जाने पर किसी अधिकारी को कोई छुट्टी मंजूर की जाती है और वह नए कार्यालय में पदभार ग्रहण करने से पूर्व उस छुट्टी का उपभोग करता है तो उसे मद (4), (5), (6) और (7) के सामने वर्णित अवधि के लिए या छुट्टी की अवधि के लिए, इनमें से जो भी अधिक हो, निवास-स्थान रखे रहने की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

(2) जहां भारत में स्थानान्तरण या अन्यत्र सेवा सम्बन्धी कोई आदेश किसी अधिकारी को जब जारी किया जाता है, जब वह पहले से ही छुट्टी पर है तो स्पष्टीकरण 1 के अधीन अनुज्ञेय अवधि की गणना, ऐसा आदेश जारी किए जाने की तारीख से की जाएगी ।

(3) जहां कोई निवास-स्थान उपनियम (2) के अधीन कायम रखा जाता है तो अनुज्ञेय रियायती अवधियों की समाप्ति पर वह आबंटन, सिवाय उस दशा के जब उन अवधियों की समाप्ति के तुरन्त पश्चात् अधिकारी नमक आयुक्त, जयपुर के कार्यालय में कर्त्तव्य भार ग्रहण कर लेता है, रद्द किया गया समझा जाएगा ।

(4) जिस अधिकारी ने उपनियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) या मद (ii) के अधीन रियायत के आधार पर, निवास-स्थान अपने पास रखे रखा है वह नमक आयुक्त, जयपुर के कार्यालय में, उक्त सारणी में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर पुनर्नियोजित होने पर, उस निवास-स्थान के किसी और आबंटन का भी पात्र होगा । परन्तु यदि पुर्नियोजन होने पर, अधिकारी की उपलब्धियां उसे उस टाइप के निवास-स्थान का हकदार नहीं बनाती जो उसके अधिभोग में है, तो उसे ऐसे निवास-स्थान के आबंटन के लिए, अन्य आवेदकों से अधिमान देते हुए, निम्नतर टाइप का निवास-स्थान आबंटित किया जाएगा ।

अनु० नि० 317 क ध-10—अनुज्ञप्ति फीस सम्बन्धी उपबन्ध :

(1) जहां वास-सुविधा या अनुकल्पी वास-सुविधा का आबंटन स्वीकार कर लिया जाता है वहां अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग की तारीख से अथवा आबंटन पत्र की प्राप्ति की तारीख से आठवें दिन से, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, प्रारम्भ होगा । जो अधिकारी आबंटन स्वीकार करने के पश्चात् उस वास-सुविधा का कब्जा आबंटन की प्राप्ति से आठ दिन के भीतर नहीं ले लेता है, उससे उस तारीख से एक मास की अवधि या उस वास-सुविधा का पुनः आबंटन हो जाने की तारीख तक की, इनमें से जो भी पहले हो, अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी ।

(2) जहां एक निवास-स्थान के अधिभोगी किसी अधिकारी को दूसरा निवास-स्थान आबंटित किया जाता है और वह नए निवास-स्थान पर अधिभोग प्राप्त कर लेता है तो पहले निवास-स्थान का आबंटन नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त करने की तारीख से रद्द समझा जाएगा । किन्तु वह निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए पहले निवास-स्थान को, उस दिन तथा उसके पश्चात्वर्ती दिन तक, बिना अनुज्ञप्ति फीस दिए, अपने पास रख सकता है ।

अनु० नि० 317-क ध-11—निवास-स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति फीस देने का वैयक्तिक दायित्व तथा अस्थायी अधिकारियों द्वारा प्रतिभूति का दिया जाना :

(1) जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया जाए उस पर उसकी अनुज्ञप्ति फीस तथा उस नुकसान का दायित्व होगा जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त उस निवास-स्थान को अथवा सरकार द्वारा उसमें दिए गए फर्नीचर, फिक्सचर, फिटिंग या सेवा व्यवस्था को उस अवधि के दौरान पहुंचाता है जब निवास-स्थान उसे आबंटित रहा है और रहता है, या यदि आबंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया गया है तो जब तक निवास-स्थान तथा उससे संलग्न उपगृह खाली करके उनका पूर्णतः खाली रूप में कब्जा सरकार को प्रत्यावर्तित नहीं कर दिया जाता । निवास-स्थान का कब्जा लेते समय या उसे खाली करते समय उससे यह अपेक्षा की जाएगी कि वह फर्नीचर और फिटिंग तालिका पर हस्ताक्षर करे ।

(2) जहां वह अधिकारी, जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, न तो स्थायी सरकारी सेवक है और न स्थायीवत्, वहां वह एक प्रतिभूति सहित जो नमक आयुक्त, जयपुर के अधीन सेवारत स्थायी सरकारी सेवक होगा, सरकार द्वारा इस निमित्त विहित प्ररूप (उपाबन्ध "ग") में, प्रतिभूति पत्र निष्पादित करेगा । यह प्रतिभूति-पत्र अनुज्ञप्ति फीस तथा अन्य ऐसे प्रभारों के संदाय के लिए होगा जो उस निवास-स्थान और अन्य सेवाओं की बाबत तथा उसके बदले में दिए गए किसी अन्य निवास-स्थान की बाबत उसके द्वारा देय हो ।

(3) यदि प्रतिभूति नमक आयुक्त, जयपुर के अधीन सरकारी सेवा में नहीं रह जाता या दिवालिया हो जाता है या अपनी प्रत्याभूति वापस ले लेता है या किसी अन्य कारण से वह उपलब्ध नहीं रह जाता है तो अधिकारी ऐसी घटना या तथ्य की जानकारी होने से 30 दिन के भीतर किसी अन्य प्रतिभूति द्वारा निष्पादित एक नया बन्धपत्र देगा और यदि वह ऐसा नहीं करता है तो, जब तक सम्पदा अधिकारी अन्यथा विनिश्चित न करे, उस निवास-स्थान का उसे आबंटन उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा ।

अनु० नि० 317-क ध-12—आबंटन का अभ्यर्पण और सूचना की अवधि :

अधिकारी ऐसी सूचना देकर, जो निवास-स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व सम्पदा अधिकारी के पास पहुंच जाए, किसी भी समय आबंटन को अभ्यर्पित कर सकता है । निवास-स्थान का आबंटन उस दिन के पश्चात्, जिसको पत्र सम्पदा अधिकारी को प्राप्त होता है, ग्यारहवें दिन से या पत्र में विनिर्दिष्ट तारीख से, जो भी पश्चात्वर्ती हो, रद्द किया गया समझा जाएगा । यदि अधिकारी सम्यक् सूचना न दे तो वह दस दिन की अथवा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी हो, उतने दिन की अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए दायी होगा, परन्तु सम्पदा अधिकारी कम अवधि की सूचना को स्वीकार कर सकता है ।

अनु० नि० 317-क ध-13—निवास-स्थान का परिवर्तन :

(1) जिस अधिकारी को इन नियमों के अधीन निवास-स्थान का आबंटन किया गया है, यह आवेदन कर सकता है कि उसको उसके बदले में उसी टाइप का अथवा उस टाइप का जिसका वह नियम 5 के अधीन पात्र है, जो भी निम्नतर हो, निवास-स्थान दिया जाए । किसी अधिकारी को आबंटित एक टाइप के निवास-स्थान की बाबत केवल एक बार से अधिक परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(2) परिवर्तन के लिए सभी आवेदन कैलेण्डर मास के उन्नीसवें दिन तक प्राप्त किए जाएंगे । इस प्रकार प्राप्त आवेदन अगले मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित किए जाएंगे । इस नियम के प्रयोजनों के लिए वे अधिकारी जिनके नाम पूर्ववर्ती मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित किए गए हों, समुच्चयित रूप से उन अधिकारियों से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चात्वर्ती मास की सूची में सम्मिलित किए जाने हैं । किसी विशिष्ट मास की सूची में सम्मिलित किए गए अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनकी पूर्वकता तारीखों के क्रम से अवधारित की जाएगी ।

(3) परिवर्तन उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता के क्रम से तथा यावत्साध्य अधिकारियों के अधिमानों को ध्यान में रखते हुए प्रस्थापित किया जाएगा ।

(4) यदि कोई अधिकारी, उसे प्रस्थापित निवास-स्थान का परिवर्तन, आबंटन-पत्र जारी किए जाने के सात दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता तो उसके नाम पर, उस टाइप के निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए पुनः विचार नहीं किया जाएगा ।

(5) जो अधिकारी, निवास-स्थान का परिवर्तन स्वीकार करने के पश्चात् उसका कब्जा नहीं लेता, उससे ऐसे निवास-स्थान के लिए जो पहले ही उसके कब्जे में है और जिसका आबंटन बराबर बना रहेगा, मू० नि० 45-क के अधीन सामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त, नियम 10 के उपबन्धों के अनुसार ऐसे निवास-स्थान के लिए अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी ।

अनु० नि० 317-क ध-14—कुटुम्ब के सदस्य की मृत्यु आदि होने की दशा में निवास-स्थान का परिवर्तन :

नियम 13 में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी अधिकारी के कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है और वह निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए आवेदन ऐसी घटना के तीन मास के भीतर करता है तो उससे निवास-स्थान के परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकती है, परन्तु यह परिवर्तन उसी टाइप के निवास-स्थान में तथा उसी मंजिल पर होगा जो उस अधिकारी को पहले से आबंटित है ।

अनु० नि० 317-क य-15—निवास-स्थानों का पारस्परिक विनिमय

जिन अधिकारियों को इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास स्थान आबंटित किए गए हैं, वे अपने निवास-स्थानों के पारस्परिक विनिमय करने की अनुज्ञा के लिए आवेदन कर सकते हैं । जब इस बात की युक्तियुक्त तौर पर प्रत्याशा हो कि दोनों अधिकारी ऐसे विनिमय के अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास तक जयपुर में कर्त्तव्यारूढ़ रहेंगे और पारस्परिक रूप से विनिमय किए गए अपने निवास-स्थानों में रहेंगे, तो पारस्परिक विनिमय की अनुज्ञा दी जा सकती है ।

अनु० नि० 317-क य-16—अकुटुम्ब स्टेशनों पर स्थानान्तरण :

यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण ऐसे स्टेशन पर कर दिया जाता है जहां सरकार द्वारा उसे अपने साथ कुटुम्ब को ले जाने की अनुज्ञा या सलाह नहीं दी जाती है और इन नियमों के अधीन उसे आबंटित निवास-स्थान की आवश्यकता उसके बच्चों की सद्भाविक शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए, कुटुम्ब को है, तो उसे, प्रार्थना करने पर, जयपुर में अपने बच्चों के चालू शैक्षिक सत्र की समाप्ति तक अ० नि० 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस को संदाय करने पर निवास-स्थान अपने पास रख रखने की अनुज्ञा दी जा सकेगी ।

अनु० नि० 317-क य-17—निवास-स्थान का अनुरक्षण :

जिस अधिकारी को निवास-स्थान का आबंटन किया जाता है वह उसे और उसके परिसरों को, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका, जयपुर को समाधानप्रद रूप में, साफ दशा में रखेगा । ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान से संलग्न किसी उद्यान, आंगन या चार-दीवारी में न तो राज्य सरकार और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध कोई वृक्ष, झाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना काटेगा या छांटेगा । इस नियम के उल्लंघन में उगाए गए वृक्ष, पौधे या वनस्पति को, सम्बन्धित अधिकारी की जोखिम पर और उसके खर्च पर राज्य सरकार/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा हटाया जा सकेगा ।

अनु० नि० 317-क य-18—निवास-स्थान को उप पट्टे पर देना और सहभोग :

(1) कोई अधिकारी अपने को आबंटित निवास-स्थान या उससे संलग्न उपगृहों और गैरेजों का सहभोग, केन्द्रीय/राज्य सरकार या सरकारी उपक्रमों के कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी से नहीं करेगा और इसके लिए भी सम्पदा अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा अपेक्षित होगी । सेवक क्वार्टरों उपगृहों और गैराजों का उपयोग केवल सद्भाविक प्रयोजनों के लिए, जिनमें आबंटिती के सेवकों का निवास भी सम्मिलित है, या अन्य ऐसे, प्रयोजनों के लिए किया जाएगा जिनकी सम्पदा अधिकारी अनुज्ञा दें ।

(2) कोई अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास-स्थान को उप-पट्टे पर नहीं देगा : परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी अपने निवास-स्थान में किसी अन्य अधिकारी को, जो सरकारी आवास-सुविधा का सहभोग करने के लिए पात्र है नियम 10(2) में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए, रखवाल के रूप में, रख सकता है जो छह मास से अधिक की नहीं होगी ।

(3) जो अधिकारी अपने निवास-स्थान का सहभोग करे या उसे उपपट्टे पर दे वह ऐसा अपनी जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा और उस निवास-स्थान की बाबत देय कोई अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए और ऐसे किसी नुकसान के लिए वैयक्तिक रूप से जिम्मेदार बना रहेगा जो निवास-स्थान को या उसके अहाते या भूमि की या सरकार द्वारा उसमें दी गई सेवा व्यवस्थाओं को पहुंचे और जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो ।

अनु० नि० 317-क य-19—असाधारण परिस्थितियों में समक आयुक्त, सरकारी निवास-स्थान के आबंटिन या सहभोगी को बाजार दर पर अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर, अनिवासीय प्रयोजनों (उदाहरणार्थ विवाह आदि मनाने) के लिए 7 (सात) दिन से अनधिक की अवधि के लिए आबंटन कर सकेगा ।

अनु० नि० 317 क य -20—नियमों और शर्तों को भंग करने के परिणाम :—(1) यदि वह अधिकारी, जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, अप्राधिकृत रूप से निवास-स्थान उपपट्टे पर देता है या सहभोगी पर ऐसी दर से अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित करता है जिसे सम्पदा अधिकारी अत्यधिक समझता है अथवा निवास-स्थान के किसी भाग में कोई अप्राधिकृत निर्माण करता है अथवा निवास-स्थान या उसके किसी भाग का उपयोग उन प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए करता है जिसके लिए वह है अथवा विद्युत या जल के कनेक्शन को बिगाड़ता है अथवा इन नियमों या आबंटन के निबंधनों और शर्तों को भंग करता है अथवा किन्हीं ऐसे प्रयोजनों के लिए, जिन्हें सम्पदा अधिकारी अनुचित समझे, निवास-स्थान या परिसर का उपयोग करता है अथवा स्वयं ऐसा व्यवहार करता है कि जो सम्पदा अधिकारी की राय में उस अधिकारी के पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है, अथवा आबंटन प्राप्त करने की दृष्टि से किसी आवेदन या लिखित कथन में कोई गलत जानकारी जानबूझकर देता है, तो सम्पदा अधिकारी उस अनुशासनिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उस अधिकारी के विरुद्ध की जा सकती है, निवास-स्थान का आबंटन रद्द कर सकेगा ।

स्पष्टीकरण :—इस उपनियम के जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अधिकारी" पद के अंतर्गत उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य और ऐसे अधिकारी के माध्यम से दावा करने वाला कोई व्यक्ति भी है ।

(2) यदि अधिकारी ने नियम 3 के उपनियम (2) में यथा उपबंधित सम्पदा अधिकारी को अधिसूचित नहीं किया है या इस प्रकार अधिसूचित करते हुए किसी आवेदन या कथन में किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है तो सम्पदा अधिकारी उस तारीख से, जिसको अधिकारी नियम 3 के उपनियम (1) के अधीन सरकारी वास-सुविधा के आबंटन के लिए अपात्र हो गया है, आबंटन रद्द कर सकेगा ।

(3) यदि कोई अधिकारी अपने को आबंटित निवास-स्थान को या उसके किसी भाग को या उससे संलग्न किसी उपगृह या गैरेज को इन नियमों का उल्लंघन करके उपपट्टे पर देता है तो, ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उसके विरुद्ध की जा सकती हो, उससे उतनी वर्धित अनुज्ञप्ति फीस ली जा सकती है जो अ० नि० 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस के चार गुने से अधिक नहीं है । प्रत्येक मामले में इस बात का विनिश्चय कि कितनी अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाए और किस अवधि के लिए वसूल की जाए, सम्पदा अधिकारी गुणावगुण के आधार पर करेगा । इसके अतिरिक्त, उस अधिकारी को भविष्य में ऐसी विनिर्दिष्ट अवधिपर्यन्त, जो सम्पदा अधिकारी विनिश्चित करे निवास-स्थान का सहभोग करने से विवर्जित किया जा सकेगा ।

(4) जहां आबंटिती द्वारा परिसर के अप्राधिकृत रूप से उपपट्टे पर दिए जाने के कारण आबंटन रद्द करने की कार्रवाई की जाती है वहां आबंटिती तथा उसके साथ उसमें निवास करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को परिसर खाली करने के लिए सात दिन का समय दिया जाएगा । परिसर खाली किए जाने की तारीख या आबंटन रद्द करने के आदेश की तारीख से इनमें से जो भी पूर्वतर हो, की अवधि की समाप्ति पर आबंटन रद्द कर दिया जाएगा ।

(5) जहां निवास-स्थान का आबंटन ऐसे आचरण के कारण रद्द किया जाए जो पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण संबंध बनाए रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो वहां उस अधिकारी को सम्पदा अधिकारी के विवेकानुसार उसी वर्ग का अन्य निवास-स्थान किसी अन्य स्थान में आबंटित किया जा सकता है ।

(6) सम्पदा अधिकारी इस नियम के उपनियम (2) से (5) तक के अधीन सभी कार्रवाइयां या कोई कार्रवाई करने के लिए तथा ऐसे अधिकारी को जो इन नियमों तथा उसको जारी किए गए अनुदेशों को भंग करता है, तीन वर्ष तक की अवधि के लिए आवास-सुविधा के आबंटन के लिए अपात्र घोषित करने के लिए सक्षम होगा ।

अनु० नि० 317 क ध 21. आवंटन के रद्द किए जाने के तपश्चात् निवास-स्थान में बने रहना:—जहां कोई आवंटन इन नियमों के किसी उपबंध के अधीन रद्द किया गया है या रद्द कर दिया गया समझा जाता है और तत्पश्चात वह निवास-स्थान उस अधिकारी के, जिसे वह आवंटित किया गया है उसके माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति के अधिभोग में बना रहता है या बना रहा है वहां ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान, सेवाओं, फर्नीचर और बाग प्रभारों के उपयोग और अधिभोग के लिए ऐसी नुकसानी के लिए ऐसे प्रभार देने के लिए दायी होगा जो नमक आयुक्त द्वारा समय-समय पर यथा अवधारित बाजार अनुज्ञप्ति फीस के बराबर हो ;

परन्तु अधिकारी को, विशेष दशाओं में सम्पक्ष अधिकारी द्वारा नियम 10(2) के अधीन अनुज्ञात अवधि से आगे छह मास तक की अवधि के लिए मु० नि० 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस से दुगुनी अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर, निवास-स्थान रखने की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

अनु० नि० 317 क-ध-22—इन नियमों के जारी किए जाने के पहले किए गए आवंटनों का बना रहना : निवास स्थान का विधि-मान्य आवंटन, जो तत्समय प्रवृत्त नियमों के अधीन इन नियमों के प्रारंभ के ठीक पूर्व अस्तित्व में था, इस बात के होते हुए भी कि वह अधिकारी जिसे वह आवंटन किया गया हो, नियम 5 के अधीन उस टाइप के निवास-स्थान का हकदार नहीं है, सम्यक रूप से किया गया आवंटन समझा जाएगा और उस आवंटन और उस अधिकारी के संबंध में इन नियमों के सभी पूर्ववर्ती उपबंध तदनुसार लागू होंगे।

अनु० नि० 317 क ध-23—नियमों का निर्वाचन :

यदि इन नियमों के निर्वचन की बाबत कोई प्रश्न उठता है तो उसे विनिश्चय के लिए भारत सरकार को निर्देशित किया जाएगा।

अनु० नि० 317 क ध-24—नियमों का शिथिलीकरण :—

भारत सरकार ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे, इन नियमों के सभी उपबंधों को या उनमें से किस को किसी अधिकारी या निवास स्थान या किसी वर्ग अधिकारियों या निवास-स्थानों के किसी टाइप के बारे में इन नियमों के अधीन, यदि अपेक्षित हो तो समुचित प्राधिकारी से परामर्श करने/अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात शिथिल कर सकेगी।

[फा० सं० 44011/22/76-नमक]

ए० महादेवन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

(Salt Desk)

New Delhi, the 28th May, 1979

S.O. 1896.—In pursuance of the provisions of Rule 45 of the Fundamental Rules, the president hereby makes the following rules regarding allotment of residences under the Administrative Control of the Salt Commissioner, Jaipur to the Staff employed in his office.

S.R. 317-AQ-1.—Short title and application :

(1) These rules may be called the Allotment of Government Residences (Salt Commissioner Office Staff Quarters) Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

S.R. 317-AQ-2.—Definitions :

In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) "Salt Commissioner" means the Salt Commissioner, Government of India, the Head of the Department ;

(b) 'allotment' means the grant of a licence by the Estate Officer to occupy a residence in accordance with the provisions of these rules ;

(c) 'allotment year' means the year beginning on 1st January, or such other period as may be notified by the Central Government ;

(d) 'Jaipur' means the arae within the limits of Jaipur township under Jaipur municipality which the Government may declare as conferring eligibility for the allotment of Government accommodation ;

(e) 'Estate Officer' means the Deputy Salt Commissioner (Headquarters) ;

(f) 'emoluments' means the emoluments as defined in Fundamental Rule 45 C but excluding the compensatory allowance :

EXPLANATION :

In the case of an Officer who is under suspension the emoluments drawn by him on the first day of the allotment year in which he is placed under suspension or if he is placed under suspension on the first day of the allotment year, the emoluments drawn by him immediately before that date shall be taken as emoluments ;

(g) 'family' means the wife or husband, as the case may be, and children, step children, legally adopted children, parents, brothers or sisters as ordinarily reside with and are dependent on the Officer ;

(h) 'Government' means the Central Government unless the context otherwise requires ;

(i) 'priority date' of an Officer in relation to a type of residence to which he is eligible under rule 5 means, the earliest date from which he has been continuously drawing emoluments relevant to a particular type or a higher type in a post under the Central Government or State Government or on foreign sevice except for the periods of leave :

Provided that in respect of a Type II, III residence, the date from which the officer has been continuously in service under the Central Government or State Government including the periods of foreign service, shall be his priority date for that type :

Provided further that where the priority date of two or more officers is the same, seniority among them shall be determined by the amount of emoluments, the officer in receipt of higher emoluments taking precedence over the officer in receipt of lower emoluments ; and where the emoluments are equal, by the length of service ;

(1) Date of priority of officers entitled to Type IV and V shall be the date from which a Government servant is continuously drawing emoluments relevant to entitled type.

(2) Officers entitled to Types IV and V shall be given option to apply for one class below their entitlement if quarter of the entitled type is not available.

(3) Officers entitled to higher type of quarters shall be charged rent of that quarter even if he refuses to shift to that quarter and continues in lower type quarter.

(j) 'eligible office' means the Salt Commissioner's Office the staff of which has been declared by the Central Government as eligible for accommodation under these rules ;

Provided that if any type of accommodation becomes surplus to the requirements of staff of the Salt Commissioner's Office, the Salt Commissioner may allot the same to an employee/employees of other Central or State Government Departments as a special case on obtaining an undertaking from

the allottee that the Salt Commissioner reserves the right to revoke it at any time by giving him one month's notice in writing. The undertaking to be furnished should be in the form given in Annexure 'A'.

(k) 'licence fee' means the sum of money payable monthly in accordance with the provisions of the Fundamental Rules in respect of a residence of allotted under these rules;

(l) 'residence' means any residence for the time being under the administrative control of the Salt Commissioner, Jaipur;

(m) 'sub-letting' includes sharing of accommodation by an allottee with another person with or without payment of licence fee by such other person.

EXPLANATION :

Any sharing of accommodation by an allottee with close relations or a casual guest shall not be deemed to be sub-letting.

(n) 'temporary transfer' means a transfer on duty from Jaipur which involves an absence for a period not exceeding four months;

(o) 'transfer' means a transfer from Jaipur to any other place or to an ineligible office in Jaipur and includes a transfer to a State Government Department or any other Department of the Central Government or any ineligible institution or body.

(p) 'type' in relation to an officer means the type of residence to which he is eligible under rule 5.

S.R. 317-AQ-3.—Officers owning houses to be eligible for allotment under these rules :

(1) In this rule —

(a) 'adjoining municipality' means any municipality contiguous to a local municipality;

(b) 'house' in relation to an officer or member of his family means a building or part thereof used for residential purposes and situated within the jurisdiction of a local municipality or of any adjoining municipality.

EXPLANATION :

A building, part of which is used for residential purposes, shall be deemed to be a house for the purposes of this clause notwithstanding that any part of it is used for non-residential purposes;

(c) 'local municipality' in relation to an Officer means the municipality within whose juristdiction his office is located;

(d) 'municipality' includes a Municipal Corporation, a Municipal Committee or Board, a Town Area Committee, a Notified Area Committee, and a Cantonment Board.

(2) The officials who own houses shall also be eligible for allotment of quarters. Allotment to such Officials shall be on normal rent if the income from his own house does not exceed Rs. 1,000 p.m., one half the market rent if the income exceeds Rs. 1,000 p.m. but does not exceed Rs. 2,000 p.m. on full market rent if the income is above Rs. 2,000 p.m. This will apply equally whether the house is owned by the officer or his/her wife/husband or by his/her dependent children.

(3) Where, after a Government residence has been allotted to an Officer, he or any other member of his family constructs a house or otherwise becomes the owner of the house, such officer shall notify the fact to the Estate Officer within a period of four weeks from the date on which he or such member becomes the owner of the house;

(4) Notwithstanding anything contained in this rule Government may allot a residence to an officer or if he is in occupation of such residence allow its retention on payment of licence fee under F.R. 45-A or on rent free basis, as the case may be, in specific cases of hardship or in public interest.

S.R. 317-AQ-4.—Allotment to husband and wife, eligibility in cases of officers who are married to each other :

1. No officer shall be allotted a residence under these rules, if the wife or the husband as the case may be, has already been allotted a residence unless such residence is surrendered;

Provided that this sub-rule shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any Court.

2. Where two officers in occupation of separate residences allotted under these rules marry each other, they shall, within one month of the marriage, surrender one of the residences.

3. If a residence is not surrendered, as required by sub-rule (2), the allotment of the residence of the lower type shall be deemed to have been cancelled on the expiry of one month and if the residences are of the same type, the allotment of such one of them, as the Salt Commission may decide, shall be deemed to have been cancelled on the expiry of said one month.

4. Where both husband and wife are employed in the office of the Salt Commissioner, Jaipur, the eligibility of each of them to allotment of a residence under these rules shall be considered independently.

S.R. 317-AQ-5.—Classification of residences :

Save as otherwise provided by these rules, an officer will be eligible for allotment of a residence of the type shown in the table below :—

Type of residence	Category of officer or his monthly emoluments as on the first day of the allotment year in which the allotment is made.
I	Upto Rs. 259
II	Rs. 260 to Rs. 499
III	Rs. 500 to Rs. 999
IV	Rs. 1,000 to Rs. 1,499
V	Rs. 1,500 and above, main unit

S.R. 317 AQ-6.—Application for Allotment :

An officer who seeks allotment of a residence or the continuance of allotment of a residence which has been allotted to him may apply at any time and shall apply in that behalf to the Estate Officer when directed to do so by him and by such date as may be prescribed by the Estate Officer. The application to be submitted shall be in the form given in Annexure 'B'.

S.R. 317-AQ-7.—Allotment of residences and offer :

(1) Save as otherwise provided in the rules, a residence, on falling vacant, will be allotted by the Estate Officer to an applicant having the earliest priority date for that type of residence subject to the following conditions :—

(i) the Estate Officer shall not allot a residence of a type higher than that to what the applicant is eligible under rule 5.

(ii) the Estate Officer shall not compel any applicant to accept a residence of a lower type than that to what he is eligible under rule 5.

(iii) The Estate Officer in very special circumstances on request from an applicant for allotment of a lower category residence, might allot to him a residence next below the type for which the applicant is eligible under rule 5 on the basis of his priority

date for the same (date on which the request was made).

(2) The Estate Officer may cancel the existing allotment of an officer and allot to him an alternative residence of the same type or in emergent circumstances, an alternative residence of the type next below the type of residence in occupation of the officer, if the residence in occupation of the officer is required to be vacated.

Note.—In case an officer is occupying residence of a type higher than the one to which he is entitled in terms of rule 5, he may be given an alternative residence of the type to which he is entitled to under rule 5 or in emergent circumstances, an alternative residence of the type next below his entitled type.

(3) A vacant residenc may, in addition to allotment to an officer under sub-rule (1) above be offered simultaneously to other eligible officers in the order of the priority dates.

S.R. 317-AQ-8.—Non-acceptance of allotment or offer or failure to occupy the allotted residences after acceptance

(1) If an officer fails to accept the allotment of a residence within seven days of receipt of notice or fails to take possession of that residence after acceptance within eight days from the date of receipt of the letter of allotment or surrenders the allotment after some time, he shall not be eligible for another allotment for a period of one year from the date of the allotment letter or the date of surrender as the case may be.

(2) If an officer occupying a lower type residence is allotted or offered a residence of the type for which he is eligible under rule 5 for which he has applied under rule 7(1)(iii) he may, on refusal of the said allotment or offer of allotment, be permitted to continue in the previously allotment residence on the following conditions, namely :

(a) that such an officer shall not be eligible for another allotment for a period of six months from the date of the allotment letter for the higher class accommodation ;

(b) while retaining the existing residence, he shall be charged the same licence fee which he would have had to pay under F.R. 45-A in respect of residence so allotted or offered or the licence fee payable in respect of the residence already in his occupation whichever is higher.

S.R. 317-AQ-9.—Period for which allotment subsists and the concessional period for further retention.

(1) An allotment shall be effective from the date on which it is accepted by the officer and shall continue in force until :

(a) the expiry of the period of temporary transfer ;

(b) the expiry of the concessional period permissible under sub-clause (2) ;

(c) it is cancelled by the Estate Officer or is deemed to have been cancelled under any provisions in these rules ;

(d) it is surrendered by the officer, or

(e) the officer ceases to occupy the residence.

(2) A residence allotted to an officer may, subject to sub-rule (3), be retained on the happening of any of the events specified in column 1 of the Table below for the period specified in the corresponding entry in column 2 thereof, provided that the residence is required for the bona-fide use of the officer or member of his family.

TABLE

Events	Permissible period for retention of the residence
(i) Resignation, dismissal, removal or termination of service.	1 month
(ii) Retirement or terminal leave	2 months
(iii) Death of the allottee.	4 months
(iv) Transfer to a place outside Jaipur.	2 months
(v) Deputation to the State or Central Government.	2 months
(vi) On proceeding of foreign service in India.	2 months
(vii) Leave other than leave preparatory to retirement, refused leave, terminal leave, medical leave or study leave.	For the period of leave but not exceeding 4 months
(viii) Leave preparatory to retirement or refused Leave granted under F.R. 86.	For the full period of leave on full average pay, subject to a maximum of 180 days in the case of leave preparatory to retirement and 4 months in other cases.
(ix) Study leave (outside India) or deputation outside India.	Entire period.
(x) Leave on medical grounds (other than T.B. Leave).	For the period of leave but not exceeding 8 months.
(xi) Medical leave on grounds of T.B.	For the full period of leave.
(xii) On proceeding on training.	For the full period of training.
(xiii) Study leave in India.	For the period of leave but not exceeding six months.

EXPLANATION-I :

The period permisible on transfer mentioned against items (iv), (v) and (vi) shall count from the date of relinquishing charge. Where an officer on transfer or foreign service in India is sanctioned leave and avails of it before joining duty at the new office, he may be permitted to retain the residence for the period mentioned against items (iv), (v), (vi) and (vii) or for the period of leave, whichever is more.

II. Where an order of transfer or foreign service in India is issued to an officer while he is already on leave, the period permissible under Explanation I shall count from the date of issue of such order.

(3) Where a residence is retained under sub-rule (2), the allotment shall be deemed to be cancelled on the expiry of the admissible concessional periods unless immediately on the expiry thereof the officer resumes duty in the office of the Salt Commissioner, Jaipur.

(4) An Officer who has retained the residence by virtue of the concessions under item (i) or item (ii) of the Table below sub-rule (2), shall on re-employment in the office of the Salt Commissioner, Jaipur, within the period specified in the said Table be entitled to retain that residence and he shall also be eligible for any further allotment of residence under these rules. Provided that if the emoluments of the officer on such re-employment do not entitle him to the type of residence occupied by him, he shall be allotted a lower type of residence in preference to othr applicants for allotment of such a residence.

S.R. 317-AQ-10.—Provisions relating to Licence Fee :

(1) Where an allotment of accommodation or alternative accommodation has been accepted, the liability for licence fee shall commence from the date of occupation or the eighth day from the date of receipt of the allotment letter whichever is earlier. An officer who after acceptance, fails to take possession of that accommodation within eight days from the date of

receipt of the allotment letter, shall be charged licence fee from such date upto a period of one month or upto the date of re-allotment of that particular accommodation, whichever is earlier.

(2) Where an officer who is in occupation of a residence is allotted another residence and he occupies the new residence, the allotment of the former residence shall be deemed to be cancelled from the date of occupation of the new residence. He may, however, retain the former residence without payment of licence fee for that day and the subsequent day for shifting.

S.R. 317-AQ-11.—Personal liability of the officer for payment of Licence Fee till the residence is vacated and furnishing of surety by temporary officers :

(1) The officer to whom a residence has been allotted shall be personally liable for the licence fee thereto and for any damage beyond fair wear and tear caused thereto or to the furniture, fixtures or fittings or services provided therein by the Central Public Works Department during the period for which the residence has been and remains allotted to him, or where the allotment has been cancelled under any of the provisions in these rules until the residence along with the outhouses appurtenant thereto have been vacated and full vacant possession thereof has been restored to Government. He shall be required to sign an inventory of the furniture and fittings when he takes possession and vacates the residence.

(2) Where an officer to whom a residence has been allotted is neither a permanent nor a quasi-permanent Government Servant, he shall execute a security bond in the form prescribed (Annexure 'C') in this behalf by the Central Government with a permanent Government servant serving under the Salt Commissioner, Jaipur for due payment of licence fee and other charges due from him in respect of such residence and services and any other residence provided in lieu.

(3) If the surety ceases to be in the Government service with the Salt Commissioner, Jaipur or becomes insolvent or withdraws his guarantee or ceases to be available for any other reasons, the officer shall furnish a fresh bond executed by another surety within thirty days from the date of his acquiring knowledge of such event or fact, and if he fails to do so, the allotment of the residence shall, unless otherwise decided by the Estate Officer, be deemed to have been cancelled with effect from the date of that event or fact.

S.R. 317-AQ-12.—Surrender of an allotment and period of Notice :

An Officer may at any time surrender an allotment by giving intimation so as to reach the Estate Officer at least ten days before the date of vacation of the residence. The allotment of the residence shall be deemed to be cancelled with effect from the eleventh days after the day on which the letter is received by the Estate Officer or the date specified in the letter, whichever is later. If he fails to give due notice, he shall be responsible for payment of licence fee for ten days or the number of days by which the notice given by him falls short of ten days, provided that the Estate Officer may accept a notice for a short period.

S.R. 317-AQ-13.—Change of residence :

(1) "An officer to whom a residence has been allotted under these rules may apply for a change to another residence of the same type or a residence of the type to which he is eligible under rule 5, whichever is lower. Not more than one change shall be allowed in respect of one type of residence allotted to the officer.

(2) All applications for the change shall be received upto the 19th day of a calendar month. The application so received shall be included in the waiting list in the succeeding month. For purposes of this rule, the officers whose names are included in the waiting list in an earlier month shall be senior enblock to those whose names are included in the list in subsequent months. The inter-seniority of the officers included in the list in any particular month shall be determined in the order of their priority dates.

(3) Change shall be offered in order of seniority determined in accordance with sub-rule (2) and having regard to the officers preferences as far as possible.

(4) If an officer fails to accept a change of residence offered to him within seven days of the issue of such offer or allotment, he shall not be considered again for a change of residence of that type.

(5) An officer who, after accepting a change of residence fails to take possession of the same, shall be charged licence fee for such residence in accordance with the provisions of rule 10 in addition to the normal licence fee under F.R. 45-A for the residence already in his possession, the allotment of which shall continue to subsist.

S.R. 317-AQ-14.—Change of residence in the event of death etc. of a member of the family :

Notwithstanding anything contained in rule 13, an officer may be allowed a change of residence on the death of any member of his family, if he applies for a change within three months of such occurrence, provided that the change will be given in the same type of residence and in the same floor as the residence already allotted to the officer.

S.R. 317-AQ-15.—Mutual exchange of residence :

